**रोहतक**

शुक्रवार 15 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी/चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 100
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 44.0
न्यून. 19.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस आज








## टॉप थ्री में 16 बच्चे



499/500

दीपिका टॉपर {भिवानी}

## दूसरे स्थान पर 4 बच्चे

## तीसरे स्थान पर 11 विद्यार्थी, चरखी दादरी जिला टॉप, नूंह फिसड्डी

498/500 — 497/500



रौनक च.दादरी | खुशी हिसार | अंतु हिसार | दीपांशू महेंद्रगढ़ | काव्यांश सोनीपत | दीक्षा हिसार | साक्षी हिसार | आरजु फतेहाबाद | मानशी कैथल | आशु भिवानी | मनुराज पानीपत | कोमल हिसार | गीता रोहतक | महक भिवानी | वंश देव जींद

# 10वीं में छाईं लाड़ली, टॉप-3 में चार लाड़ले भी

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया। भिवानी की दीपिका 500 में 499 नंबर के साथ स्टेट टॉपर बनीं। प्रदेश में 16 स्टूडेंट्स ने टॉप 3 में जगह बनाई हैं। 4 स्टूडेंट रौनक (चरखी दादरी), खुशी (हिसार), अंतू (हिसार), दिपांशू (महेंद्रगढ़) 498 मार्क्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे। 11 स्टूडेंट्स 497 अंक के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम 89.60 फीसदी तथा स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 70.02 फीसदी रहा है। सैकेण्डरी (शैक्षिक) नियमित परीक्षा में 2,76,640 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 2,47,860 उत्तीर्ण हुए तथा 6,201 परीक्षार्थियों का परिणाम एसेंशियल रिपीट रहा अर्थात ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा में फिर से बैठने की आवश्यकता होगी।

**89.6 % पास**

*276640 ने परीक्षा दी*

*247860 छात्र उत्तीर्ण हुए*

*लड़कों की तुलना में लड़कियां 3.95 फीसदी अधिक पास हुईं*

### राजकीय विद्यालयों का पास प्रतिशत 87.23%

परीक्षा में 1,33,530 प्रविष्ठ छात्राओं में से 1,22,367 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 91.64 रही, जबकि 1,43,110 छात्रों में से 1,25,493 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 87.69 रही। इस प्रकार छात्राओं ने छात्रों से 3.95 फीसदी ज्यादा पास प्रतिशतता दर्ज कर बढ़त हासिल की है। राजकीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 87.23 रही तथा प्राईवेट विद्यालयों की पास प्रतिशतता 92.45 रही है। पास प्रतिशतता में जिला जिला चरखी दादरी प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर जीन्द, तीसरे स्थान पर महेन्द्रगढ़ तथा जिला नूंह सबसे नीचले पायदान पर रहा।



*रोहतक। अच्छे नंबर आने पर खुशी का इजहार करती छात्राएं।*

### स्वयंपाठी का परिणाम 70.2 प्रतिशत रहा

स्वयंपाठी परीक्षार्थियों का परिणाम 70.02 प्रतिशत रहा है। इस परीक्षा में 4,556 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए जिनमें से 3,190 पास हुए। उन्होंने बताया कि सैकेण्डरी मुक्त विद्यालय (फ्रैश) की परीक्षा में 5,772 परीक्षार्थी प्रविष्ठ हुए थे, जिनमें से 645 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनकी पास प्रतिशतता 11.17 रही। इस परीक्षा में 3,519 छात्र बैठे थे, जिनमें से 389 पास हुए, इनकी पास प्रतिशतता 11.05 रही है, जबकि 2,253 प्रविष्ठ छात्राओं में से 256 पास हुई, इनकी पास प्रतिशतता 11.36 रही है।

### ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का प्रदर्शन शहरी क्षेत्र से बेहतर

परीक्षा परिणाम में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के रिजल्ट में इस बार ग्रामीण अंचल के स्टूडेंट आगे रहे। ग्रामीण क्षेत्र की पास प्रतिशत 90.25%, शहरी क्षेत्र की पास परसेंटेज 87.94% रही। यानी ग्रामीण क्षेत्रों का रिजल्ट शहरी क्षेत्रों से 2.31 फीसदी ज्यादा रहा। वहीं, प्राइवेट विद्यालयों का परिणाम 92.45 प्रतिशत रहा, जबकि राजकीय विद्यालयों की पास परसेंटेज 87.23% रही।

## खबर संक्षेप

### वीडी सतीशन केरलम के मुख्यमंत्री होंगे

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन केरलम के नए सीएम होंगे।



कांग्रेस ने राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद गुरुवार को इसका ऐलान किया। 61 साल के सतीशन परावूर सीट से विधायक हैं। उन्होंने कहा- मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं। *एजेंसी*

### केस छोड़ा, अवमानना की कार्यवाही करेंगी स्वर्ण कांता

**नई दिल्ली।** आबकारी घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल सहित



दो अन्य की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा के खिलाफ मानहानिकारक आरोपों लगाने वाले प्रतिवादियों के खिलाफ अदालत ने अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का फैसला किया है। जस्टिस ने कहा कि चुप नहीं बैठ सकते। उन्होंने शराब नीति घोटाला मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। *एजेंसी*

## हरियाणा समेत 19 राज्य-यूटी में एसआईआर का ऐलान

**30 मई से 23 दिसंबर के बीच होगा वेरिफिकेशन**

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को हरियाणा, झारखंड, उत्तराखंड, दिल्ली समेत 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा की। यह एसआईआर का तीसरा फेज होगा। पूरी प्रक्रिया 30 मई से 23 दिसंबर तक चलेगी। इस दौरान 36.73 करोड़ वोटरों का वेरिफिकेशन होगा। हरियाणा में एक जुलाई से मतदाताओं के सत्यापन का महाअभियान चलेगा। इस दौरान मतदाताओं और मतों की वैधता की बारीकी से जांच होगी। नए पात्र मतदाताओं को सूचियों में जोड़ने के साथ ही गलत प्रविष्टियों को ठीक किया जाएगा। अक्टूबर 2024 में विधानसभा चुनाव हुए थे। उस समय दो करोड़ तीन लाख मतदाता थे।

**प्रदेश के 2 .3 करोड़ वोटरों का सत्यापन**

### ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 21 जुलाई को प्रकाशित होगी

राज्य में ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 21 जुलाई को प्रकाशित होगी, जबकि अंतिम निर्वाचक नामावली 22 सितंबर 2026 को जारी कर दी जाएगी, जिसके आधार पर अगले चुनाव कराए जाएंगे। हरियाणा में एसआईआर प्रक्रिया कई चरणों में पूरी होगी। पांच जून से 14 जून तक अधिकारियों-कर्मचारियों की ट्रेनिंग और वोटर लिस्ट प्रिंटिंग का काम होगा। 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।

## होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और जहाज डूबा

**ओमान तट के पास हादसा, ड्रोन या मिसाइल जैसी चीज टकराई**

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। 'हाजी अली' नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे कोई ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार टकरा गया। जहाज में आग लग गई, हालांकि ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया। एमएसवी हाजी अली जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। यह सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास हादसे का शिकार हो गया।

## प्रमुख मांगें मानी, सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म

**सरकार ने न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 15,220 रुपये किया**

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** सकारात्मक वार्ता के बाद पिछले 13 दिनों से जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई। सरकार ने कर्मचारियों की लगभग सभी प्रमुख मांगों पर सहमति जताई है। ठेके पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन बढ़ाकर 15,220 रुपये किया जाएगा। कर्मचारियों को ईएसआई और ईपीएफ जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा वेतन सीधे बैंक खातों में भेजा जाएगा। अनियमितता पाए जाने पर ठेकेदार का लाइसेंस रद्द किया जाएगा।

### पीएम की अपील के बाद 50% की कटौती का फैसला

# सीएम सैनी ने घटाया काफिला, 4 गाड़ियां लेकर चले

> समाज को सकारात्मक संदेश देने की कोशिश

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एक्शन में आ गए हैं। सीएम ने वीआईपी वाहनों के बेड़े में 50 प्रतिशत तक कटौती करने का फैसला किया है। गुरुवार को सीएम के काफिले में चार गाड़ियां नजर आईं, आमतौर पर सीएम के काफिले में 8 से 15 गाड़ियां तक होती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आदेश के बाद विभिन्न विभागों में मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य वीआईपी श्रेणी के लिए उपलब्ध वाहनों की समीक्षा की गई। इसके बाद तय किया गया कि जहां एक से अधिक वाहन तैनात हैं, वहां उनकी संख्या आधी की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सप्ताह में एक दिन बिना किसी वाहन के कार्य करने का भी संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को स्वयं उदाहरण प्रस्तुत कर समाज को सकारात्मक संदेश देना चाहिए। उधर, गुरुवार सुबह गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ट्रेन से कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन से कुरुक्षेत्र गुरुकुल तक उन्होंने साइकिल चलाई। उनकी सिक्योरिटी भी साइकिल पर नजर आई। आचार्य देवव्रत के साथ गुरुकुल में 2 गाड़ियां भी पहुंची, जो इलेक्ट्रिक थी।

### नौटंकी : अरविंद शर्मा साइकिल से पहुंचे कार्यालय, पीछे गाड़ियों का काफिला



प्रधानमंत्री के तेल बचाने के आह्वान का प्रदेश के मंत्री ही एक तरह से मखौल उड़ाते नजर आ रहे हैं। गुरुवार को ऐसा ही मामला सामने आया। चंडीगढ़ में सुबह मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ साइकिल से भाजपा कार्यालय पहुंचे, मगर उनके पीछे काफिले की गाड़ियां भी नजर आईं। यह प्रधानमंत्री के अभियान का खुला मखौल उड़ाने जैसा है। मोदी ने ईंधन बचत और संसाधनों के उचित उपयोग के लिए कम वाहन चलाने के लिए आह्वान किया था। हालांकि डॉ. शर्मा से पूछा गया तो उनका कहना था कि ये गाड़ियां उनके काफिले की नहीं थी।




## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तार : आरती

चंडीगढ़। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने वीरवार को गुरुग्राम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में करीब 2 करोड़ 86 लाख रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाएं जनता को समर्पित कीं। इस अवसर पर पटौदी की विधायक बिमला चौधरी भी मौजूद रही। मंत्री ने कहा कि गुरुग्राम हरियाणा का सर्वाधिक आबादी वाला जिला होने के कारण यहां स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है।

### कर्मचारियों को स्थायी नौकरी दे सरकार : राव

चंडीगढ़। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने सफाई एवं अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि जो कर्मचारी दिन-रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं, उन्हें असुरक्षा, शोषण और अस्थायी रोजगार नहीं बल्कि सम्मानजनक वेतन, स्थायी नौकरी, सुरक्षित कार्य परिस्थितियां और सामाजिक सुरक्षा मिलनी चाहिए।उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा में नगरपालिका, नगर परिषद, नगर निगम तथा अग्निशमन विभाग के कर्मचारी अपनी न्यायोचित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार सुन नहीं रही।

### नशे में वाहनों को टक्कर मारी, पुलिसकर्मी पर केस

चंडीगढ़। पुलिस शिकायत प्राधिकरण ने चंडीगढ़ पुलिस में तैनात एएसआई दलजीत सिंह के खिलाफ गंभीर टिप्पणी करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 और 281 के तहत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। सुरक्षा विंग में तैनात एएसआई दलजीत सिंह ने नशे की हालत में ब्रेजा कार चलाते हुए सुखना झील के पीछे कैंबवाला रोड पर लगभग दर्जनभर वाहनों को टक्कर मारी मार दी थी।

### लिंग जांच के खिलाफ अभियान तेज होगा

चंडीगढ़। सरकार ने लिंग अनुपात में सुधार और गैरकानूनी लिंग निर्धारण प्रथाओं पर रोक लगाने के लिए अपने राज्यव्यापी अभियान को और तेज कर दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी जिलों में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने और व्यापक जागरूकता अभियान शुरू करने के निर्देश दिए है। सुमिता मिश्रा ने सिविल सर्जनों को मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

## पंचकूला में नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन और पार्षदों का अभिनंदन

# ट्रिपल इंजन सरकार से विकास को मिलेगी ट्रिपल स्पीड : नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने निकाय चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन देकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का काम किया है और अब विकास कार्य भी ट्रिपल स्पीड से होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नागरिक देवो भवः की भावना के साथ हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में आयोजित नव निर्वाचित मेयर, चेयरमैन एवं पार्षदों के अभिनंदन एवं धन्यवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता लगातार नॉन स्टॉप कमल का फूल खिलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है, क्योंकि सरकार ने जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास और जनकल्याण के कार्य किए हैं। मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में भी उन्होंने पूरी मेहनत और समर्पण के साथ चुनाव लड़कर जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि निकाय चुनावों में मिली जीत जनता के विश्वास की जीत है और यह स्पष्ट संदेश है कि प्रदेश की जनता विकास, पारदर्शिता और सुशासन की राजनीति के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश और हरियाणा में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, गरीब कल्याण और पारदर्शिता के क्षेत्र में बड़े परिवर्तन हुए हैं।

■ मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को सराहा-बोले भीषण गर्मी में घर-घर जाकर प्रचार किया



### वोट चोरी का आरोप लगाकर भ्रम फैला रहा विपक्ष : सीएम

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष लोकतंत्र का अपमान कर रहा है और चुनाव हारने के बाद ईवीएम तथा वोट चोरी जैसे आरोप लगाकर भ्रम फैलाने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता का निर्णय सर्वोपरि होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वह केवल बयानबाजी और दुष्प्रचार कर रही है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया व पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने जनादेश के लिए जनता का आभार जताया

## पीएम के संदेश और योजनाओं को घर-घर पहुंचाएंगे कार्यकर्ता



चंडीगढ़। पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पेट्रोल, डीजल और गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं के समझदारी से उपयोग को लेकर दिया गया संदेश राष्ट्रहित में है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी केवल संगठन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करना भी उनका कर्तव्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे प्रधानमंत्री के संदेश को स्वयं अपनाएं और जन-जन तक पहुंचाएं। प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में प्रदेश प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, मंत्री एवं प्रदेश महामंत्री कृष्ण बेदी, डॉ. अर्चना गुप्ता, सुरेंद्र पूनिया सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विधानसभा में 16 कमेटियां बनी नियम में नेता प्रतिपक्ष को जगह

चंडीगढ़। विधान सभा अध्यक्ष ने वर्ष 2026-27 के लिए 16 समितियों के सभापति और सदस्य मनोनीत किए हैं। इस बार भी लोक लेखा समिति और सरकारी आश्वासनों के बारे में समिति के सभापति विपक्षी दल के विधायकों को मनोनीत किया है।

**नियम समिति** :विधान सभा अध्यक्ष समिति के पदेन सभापति होंगे। इस समिति में विधायक भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, डॉ. रघुवीर सिंह कादियान, घनश्याम दास, सावित्री जिंदल, कृष्णा गहलावत, देवेन्द्र चतुर्भुज अत्री, अर्जुन चौटाला सदस्य होंगे
**आवास समिति** : विधान सभा उपाध्यक्ष आवास समिति पदेन सभापति होंगे। विधायक मोहम्मद इलियास, घनश्याम दास, भगवान दास, मनदीप चट्ठा को सदस्य मनोनीत
**लोक लेखा समिति** :लोक लेखा समिति का सभापति गत वर्ष की तरह ही विधायक आफताब अहमद को मनोनीत किया गया है। इस समिति में विधायक चन्द्रमोहन, विनोद भ्याणा, लक्ष्मण सिंह यादव, कंवर सिंह, सुनील सतपाल सांगवान, योगिन्द्र सिंह राणा, पूजा, देवेन्द्र सिंह कादियान बतौर सदस्य शामिल होंगे।
**प्राक्कलन समिति** : प्राक्कलन समिति में सभापति की जिम्मेदारी विधायक प्रमोद कुमार विज को सौंपी गई है। इस समिति में गीता भुक्कल, सावित्री जिंदल, तेजपाल तंवर, बलवान सिंह दौलतपुरिया, जगमोहन आनंद, कपूर सिंह, निखिल मदान, मनदीप चट्ठा सदस्य होंगे।
**लोक उपक्रमों संबंधी समिति** :लोक उपक्रमों संबंधी समिति में विधायक राम कुमार गौतम को सभापति मनोनीत किया गया है। इस समिति में विधायक अशोक कुमार अरोड़ा, निर्मल सिंह, मूलचंद शर्मा, चौ. अकरम खान, अनिल यादव, देवेन्द्र चतरभुज अत्री, उमेद सिंह, चंद्र प्रकाश सदस्य होंगे।


### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/BSO/745

मनकि प्रवीन कुमार यादव पुत्र रोहतास कंवर पुत्र चुन्नीलाल, निवासी गांव सुरहेड़ा, नजफगढ़, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110043 एवं बिस्वेदार गांव लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021-22 व इंतकाल न0 1931 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 233मिन/184, खाता न0 275 मिन, मु0 न0 24, किला न0 18/3(2-19), 19(6-19), 22(7-4), 23(7-11), किते 4, तादादी रकबा 24 कनाल 13 मरले का 2153350/65412753 भाग, बकदर 0 कनाल 16.22 मरले (0.101375 एकड़) वाका रकबा मौजा लोहट, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 24, किला न0 19 मिन उत्तर पश्चिम (0-16), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 16 मरले (0.1 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 14.05.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


## करनाल और फरीदाबाद पर सरकार मेहरबान

चंडीगढ़। सरकार ने करनाल स्मार्ट सिटी परियोजना तथा उसकी प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी (पीएमसी) की अवधि को 31 मार्च, 2027 तक बढ़ा दिया है। इससे चल रही परियोजनाओं को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकेगा तथा निर्मित परिसंपत्तियों को संबंधित विभागों को सुचारू रूप से हस्तांतरित किया जा सकेगा। इसी तरह फरीदाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना का भी 31 मार्च, 2027 तक विस्तार किया गया है। इस निर्णय की जानकारी यहां मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई राज्य स्तरीय उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति की बैठक में दी गई। बैठक में करनाल और फरीदाबाद में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि यह विस्तार केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप दिया गया है, ताकि पूर्णता के निकट पहुंच चुकी शेष परियोजनाओं को पूरा किया जा सके।

■ स्मार्ट सिटी परियोजना की अवधि 2027 तक बढ़ी

## गुजरात, महाराष्ट्र व अन्य प्रदेशों से खेती के गुर सीखेंगे किसान

चंडीगढ़। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने राज्य के किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की है। सरकार ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के हर जिले से प्रगतिशील किसानों को 'एक्सपोजर विजिट' (अध्ययन यात्रा) पर भेजा जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राज्य के किसानों को देश के विभिन्न हिस्सों में अपनाई जा रही आधुनिकतम कृषि तकनीकों, उन्नत पद्धतियों और नए उभरते बाजारों से सीधा जुड़ाव प्रदान करना है, ताकि वे अपनी पारंपरिक खेती में सकारात्मक बदलाव ला सकें। इससे राज्य के हजारों किसान राष्ट्रीय स्तर पर कृषि सुधारों का प्रत्यक्ष अनुभव ले सकेंगे।

### एक्सपोजर विजिट पर भेजेगा कृषि मंत्रालय

राणा ने बताया कि किसान हितैषी सोच रखने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने बजट-भाषण में घोषणा की थी कि किसानों को एक्सपोजर विजिट पर भेजा जाएगा। इसी घोषणा को मूर्तरूप देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने जानकारी दी कि इन कृषि-यात्राओं के दौरान हरियाणा के किसानों को गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना जैसे कृषि प्रधान राज्यों में जाने का अवसर मिलेगा। इन राज्यों का चयन वहां की विशिष्ट कृषि उपलब्धियों के आधार पर किया गया है। उदाहरण के तौर पर, किसान गुजरात में सूक्ष्म सिंचाई, महाराष्ट्र में अंगूर व अनार की बागवानी और तेलंगाना में बीज उत्पादन की नई तकनीकों का बारीकी से अध्ययन कर सकेंगे।

## बाढ़ प्रबंधन की तैयारी, 13 जिलों में हुई मॉकड्रिल

चंडीगढ़। आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर आपदा तैयारियों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए बृहस्पतिवार प्रदेश के 13 बाढ़ संभावित जिलों में एक साथ पहली राज्य स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023 और 2025 की बाढ़ से मिले अनुभवों के आधार पर हरियाणा के आपदा प्रबंधन ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना था। हरियाणा की वित्त आयुक्त (राजस्व) एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने 'स्टेट इंसिडेंट कमांडर' के रूप में राज्य नियंत्रण कक्ष से पूरे अभ्यास का नेतृत्व और संचालन किया। डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि इस अभ्यास का आयोजन राज्य की आपदा तैयारियों का मूल्यांकन करने, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय में सुधार करने, आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की पुष्टि करने और कमियों की पहचान करने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार एक सक्रिय, तकनीक-संचालित और समुदाय-केंद्रित आपदा प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह ड्रिल तीन चरणों में हुई।


### कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 140 दिनांक 06.05.26 धारा 127 (6) BNS थाना महम जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - शीतल
पिता/पति का नाम - पुत्र मन्दीप कुमार
पता- निवासी किशनगढ जिला रोहतक
उम्र- 48 वर्ष
कद-5 फुट ।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर।
दिनांक 06.05.26 को - शीतल पिता/पति का नाम पुत्र मन्दीप कुमार
पता- निवासी किशनगढ महम रोहतक

बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894
3. अनुसंधान कर्ता 8930019006

पीआरडीएच-1084/11/4815/2027/45171/88/6 दि. 14.05.2026


## पानीपत के श्याम मंदिर प्रबंधन का विवाद सुलझा

चंडीगढ़। हरियाणा के पानीपत जिले स्थित चुलकाना धाम के प्राचीन श्री श्याम मंदिर के प्रबंधन को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में सौहार्दपूर्ण समाधान के साथ समाप्त हो गया। जस्टिस जगमोहन बंसल की अदालत में सुनवाई के दौरान हरियाणा सरकार ने स्पष्ट किया कि मंदिर के प्रबंधन और प्रशासनिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए श्राइन बोर्ड का गठन किया जाएगा, जिसमें याचिकाकर्ता संस्था 'श्री श्याम मंदिर सेवा समिति' का भी एक प्रतिनिधि शामिल होगा। इस सहमति के बाद अदालत ने याचिका का निस्तारण करते हुए सरकार से बोर्ड का गठन शीघ्र करने की अपेक्षा जताई। मामला उस समय अदालत पहुंचा था जब 13 जनवरी 2025 को जारी एक सरकारी आदेश के माध्यम से राज्य ने प्राचीन श्री श्याम मंदिर, समालखा, जिला पानीपत के प्रबंधन के लिए श्राइन बोर्ड गठित करने की मंशा जाहिर की थी। इस निर्णय को चुनौती देते हुए मंदिर सेवा समिति ने याचिका दायर कर इसे निरस्त करने की मांग की थी। समिति की आशंका थी कि पारंपरिक प्रबंधन व्यवस्था और स्थानीय सहभागिता प्रभावित हो सकती है।

■ हाईकोर्ट का आदेश, श्राइन बोर्ड का गठन किया जाएगा


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | वार्ड 03 एम.सी. रोहतक में बिल्लु के मकान से बालाजी मंदिर तक और राजू के मकान से साथ लगती गली से सतीश तक आईपीबी गली का निर्माण (पुनः आंमत्रण)। | 12.05.2026 19.05.2026 | रु. 8.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में स्टॉप गैप व्यवस्था के लिए नामित स्थल तक निर्माण और विखण्डन कचरे का संग्रहण और परिवहन। | 13.05.2026 25.05.2026 | रु. 24.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सोनीपत रोड, एम.सी. रोहतक में हुडा पार्क से ताऊ नगर गली नं. 18 के निकट शिवालिक प्रोपर्टीज तक ग्रीन बैल्ट का निर्माण + 1 कार्य। | 13.05.2026 25.05.2026 | रु. 167.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/45160/I/88/6 दि. 14.05.26



### Model Economic Township Limited

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, 77-बी, इफको रोड़, सैक्टर - 18, गुरूग्राम - 122015, हरियाणा
फोनः 0124-352 7369
CIN: U70109HR2006PLC036416

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सार्वजनिक रुप से सूचित किया जाता है कि आई.ए. डिविजन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने पत्र क्रमांक नं. EC24B3812HR5685501N दिनांक 12.05.2026 द्वारा मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड कम्पनी को गाँव याकूबपुर, फतेहपुर, दादरी तोए एवं सौंधी, जिला झज्जर, हरियाणा में 507.177 एकड़ भूमि पर आवासीय टाउनशिप विकास परियोजना का विस्तार विकसित करने के लिए EIA अधिसूचना 2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत पर्यावरण मंजूरी (Environment Clearance) प्रदान की है, जिसकी प्रतिलिपि MoEFCC/SEIAA विभाग की वेबसाइट https://parivesh.nic.in/ पर एवं कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में सर्वसाधारण के अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

दिनांक : 15.05.2026
स्थान : गुरूग्राम

श्रीवल्लभ गोयल
पूर्णकालीन निदेशक
कृते मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप लिमिटेड

www.modeleconomictownship.com


## धान की एमएसपी में बढ़ोतरी नाकाफी : अभय चौटाला

चंडीगढ़। इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने केंद्र सरकार द्वारा धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा को नाकाफी बताते हुए कहा कि यह पूरी तरह से किसानों के लिए शोषणकारी है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया जो पिछले वर्ष के समर्थन मूल्य 2369 रुपये के मुकाबले मात्र 72 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। धान की कुल औसत लागत 2162 रुपये प्रति क्विंटल बनती है। अगर इसकी सी-2 प्लस 50 प्रतिशत फार्मूले के आधार पर गणना की जाए तो न्यूनतम समर्थन मूल्य 3243 रुपये प्रति क्विंटल बनता है। लेकिन सरकार ने जानबूझकर ए-2 प्लस एफएल लागत के आधार पर सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है।

## एनबीए मान्यता प्राप्त संस्थानों को मिलेगा 5 लाख रुपये का प्रोत्साहन

चंडीगढ़। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीएमें नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडिटेशन (एनबीए), हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद तथा तकनीकी शिक्षा निदेशालय, हरियाणा सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हरियाणा के इंजीनियरिंग कॉलेजेस के लिए आउटकम बेस्ड एजुकेशन एवं प्रत्यायन विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। हरियाणा तकनीकी शिक्षा विभाग के महानिदेशक प्रभजोत सिंह ने हरियाणा सरकार की ओर से एनबीए प्रत्यायन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल के बाद एनबीए प्रत्यायन प्राप्त करने वाले संस्थानों को 5 लाख की प्रोत्साहन राशि तथा प्रत्यायन शुल्क की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी।


### कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों की राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। ''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री राम दास श्रीमती करमो देवी राम दास राज मिस्त्री (प्रोस्पैक्ट नं. IL10351940) | खेवट/खतौनी नं. 319/339 खसरा नं. 37//1,2/1 और खेवट/खतौनी नं. 320/340 खसरा नं. 7//23/2, 15//3/1 और खेवट/खतौनी नं. 318/338 खसरा नं. 140, 217 और खेवट/खतौनी नं. 321/341 खसरा नं. 26//21, 22/1 वाका रकबा मौजा सफिलपुर, हदबस्त नं. 46, तहसील बिलासपुर जिला यमुनानगर-135001 में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2718.00, 919.00 | रु. 736199/- रुपये सात लाख छत्तीस हजार एक सौ निन्यानवे केवल) | 10-02-2026 | 12-05-2026 |
| श्री संदीप सिंह श्रीमती ललिता काला डेयरी, (प्रोस्पैक्ट नं. IL10474824) | बनियानी तहसील कलानौर, जिला रोहतक-124001 में स्थित खेवट नं. 636, खतौनी नं. 673, किल्ला नं. 100//22(6-13) और खेवट नं. 637, खतौनी नं. 674, किल्ला नं. 100//7(7-8), 10/1(2+0) 11/2(5-4), 12(7-12) 19(7-12), 20 20/1(5-4) 21/24-12) का भाग क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Super_Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2700.00, 917.00, 917.00 | रु. 1072584/- रुपये दस लाख बहत्तर हजार पांच सौ चौरासी केवल) | 10-02-2026 | 13-05-2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल-एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।
स्थान : भिवानी/जीन्द, दिनांक : 15.05.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.


## सरकार ने परीक्षा के नियम बदले पाठ्यक्रम दो भागों में विभाजित

# ग्रुप डी में अब सीईटी स्कोर के आधार पर होगा चयन

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने ग्रुप-डी (चतुर्थ श्रेणी) कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव करते हुए नया चयन मानदंड लागू कर दिया है। मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, अब ग्रुप-डी पदों पर भर्ती पूरी तरह कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) के अंकों के आधार पर की जाएगी। नई अधिसूचना के अनुसार, ग्रुप-डी पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन और सिफारिश, उन पदों को छोड़कर जिनकी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक से कम है, केवल सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) में प्राप्त अंकों के आधार पर होगी। सीईटी स्कोर को ही 100 प्रतिशत वेटेज दिया जाएगा। गजट में स्पष्ट किया गया है कि जिन अभ्यर्थियों ने 12 जनवरी 2024 को आयोजित ग्रुप-डी सीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की थी और जिसकी वैधता 11 जनवरी 2027 तक है, उनके अंकों को भी अधिकतम 95 अंकों के सापेक्ष प्रतिशत में परिवर्तित किया जाएगा। साथ ही भविष्य में आयोजित सीईटी में सफल अभ्यर्थियों के अंकों को भी इसी आधार पर सामान्यीकृत कर संयुक्त मेरिट सूची तैयार की जाएगी। सरकार ने यह संशोधन हरियाणा ग्रुप-डी कर्मचारी अधिनियम, 2018 की द्वितीय अनुसूची में बदलाव कर किया है।

### दूसरा भाग हरियाणा से संबंधित होगा

सरकार ने सीईटी के पाठ्यक्रम को दो भागों में विभाजित किया है। पहला, 75 प्रतिशत अंक, सामान्य जागरूकता, तर्कशक्ति, गणितीय योग्यता, अंग्रेजी, हिंदी और संबंधित विषय। और दूसरा 25 प्रतिशत अंक, हरियाणा का इतिहास, समसामयिक घटनाएं, साहित्य, भूगोल, पर्यावरण और संस्कृति। ग्रुप-डी पदों के लिए प्रश्नपत्र का स्तर मैट्रिक के समकक्ष होगा। इस फैसले के बाद ग्रुप-डी भर्ती प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और पूरी तरह मेरिट आधारित होगी। अब चयन में केवल सीईटी प्रदर्शन ही निर्णायक भूमिका निभाएगा।



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में नागरिक अस्पताल डबवाली में विद्युत सब स्टेशन का अपग्रेडेशन (वैद्युत उपकरणों का प्रावधान केवल)। | 13.05.2026 19.05.2026 | 6.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गोरछी से बरवा रोड आरडी 0.00 से 8.080 तक (रोड आईडी 11567) रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (एस/डिवी. डीएचबीवीएन सिवानी के तहत एचटी/एलटी लाइन्स की शिफ्टिंग का प्रावधान) + 1 कार्य। | 13.05.2026 22.05.2026 | 67.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | सिंचाई विभाग के यांत्रिकी मंडल फरीदाबाद हेतु मौजूदा मैनुअल हॉट से ईओटी (इलैक्ट्रिक ऑपरेटेड ट्रेवलिंग क्रेन) के कनवर्जन द्वारा 5 टन क्षमता के 02 अदद 06 डायरेक्शनल ईओटी क्रेन अनुमोदित मेक की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 14.05.2026 28.05.2026 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, पंचकूला | वर्कशॉप डिवीजन, चरखी दादरी से सम्बन्धित वैद्युत मदों की आपूर्ति। | 14.05.2026 28.05.2026 | 49.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1272582542 xenproc@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बिजना झोझू कलां में परशुराम भवन का निर्माण + 3 कार्य। | 11.05.2026 18.05.2026 | 129.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | सिविल सर्जन कैथल | रिफ्रेशमेंट और लंच। | 15.05.2026 21.05.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 drugstorektl@gmail.com |
| 7 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | डीएचएफडब्ल्यूएस फरीदाबाद के लिए पीएमएसएमए डाइट की आपूर्ति। | 15.05.2026 29.05.2026 | 18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9990443268 damfaridabad@gmail.com |
| 8 | सिविल सर्जन फरीदाबाद | शहरी क्षेत्र टीकाकरण कार्यक्रम के लिए ई-रिक्शा को किराये पर लेना। | 18.05.2026 01.06.2026 | 90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9990443268 damfaridabad@gmail.com |
| 9 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | कालांवाली कस्बा :-डीजल की लागत, चालक और मशीन ऑपरेट करने के लिए 2 अदद हैल्पर्स समेत 4500 लीटर से अधिक सक्शन टैंक की क्षमता वाले जेट्टिंग-कम-सक्शन मशीन के उपयोग द्वारा कालांवाली की संकरी गलियों में मैनहोल चेम्बर्स की गाद निकालने और सभी प्रकार से पूर्ण, नगरपालिका सीमाओं के बाहर खुदाई किया गया मलबा/गाद का निपटान हेतु डीएनआईटी। | 13.05.2026 21.05.2026 | 4.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 10 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | एक नये ट्विन इंजन स्टेट वीआईपी हेलीकॉप्टर, वीटी-एचआरवाई के व्यापक बीमा का नवीनीकरण। | 12.05.2026 01.06.2026 | | www.haraviation.gov.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in    पीआरडीएच-11/2027/200/45195/I/88/6 दि. 14.05.26

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

# विकसित भारत सशक्त उत्तराखण्ड





> प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम अपने राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपार संभावनाओं का लाभ उठाते हुए समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्तराखण्ड को प्रगति का एक ऐसा मॉडल बनाना चाहते हैं, जहां व्यक्ति राज्य की समृद्धि व कल्याण में अपना अपार योगदान दे सकता है।
>
> **पुष्कर सिंह धामी**
> मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

> हमें स्वदेशी को अपना स्वाभिमान बनाना है। इसे अपनाना केवल सामान खरीदने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे गर्व के साथ बढ़ावा देना हर नागरिक का कर्तव्य है। इससे स्थानीय उद्योग सशक्त होंगे, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक तरक्की में मदद मिलेगी। त्योहारों के अवसर पर देश के प्रत्येक नागरिक स्वदेशी सामान खरीदें। यह छोटा कदम देश की बड़ी प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे अपनाना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।
>
> **नरेन्द्र मोदी**
> प्रधानमंत्री

HOUSE OF HIMALAYAS

# उत्तराखण्ड के जैविक उत्पाद अब दुनिया की पहली पसंद

## हाउस ऑफ हिमालयाज से मिला स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य करोड़ों की परियोजनाओं के साथ 'हाउस ऑफ हिमालयाज' नामक 'अंब्रेला ब्रांड' का शुभारंभ किया था। जिसके तहत, अब समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से बाजार में उपलब्ध हैं। इन उत्पादों की क्वालिटी एवं पैकिंग आदि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को विदेशी बाजारों तक ले जाने का एक अभिनव प्रयास है। देवभूमि उत्तराखण्ड के उत्पाद स्वाद और सेहत जैसे कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर हैं। कुछ समय पहले तक हिमालय की गोद से निकलने वाले ये उत्पाद हिमाद्री, हिलांस और ग्राम्य-श्री जैसे नामों से बाजार में जाने जाते थे। लेकिन, अब ये दमदार उत्पाद 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से जाने-पहचाने जाते हैं। यानी उत्तराखण्ड के महिला समूहों द्वारा तैयार अलग-अलग उत्पाद अब 'हाउस ऑफ हिमालयाज' के नाम से दुनियाभर में अपना कमाल दिखा रहे हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज, उत्तराखण्ड के उत्पादों को वोकल फॉर लोकल से लोकल टू ग्लोबल बनने में मदद करेगा।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार पहाड़ी क्षेत्रों के उन्नत उत्पादों को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उनके विपणन के लिए कई पहल भी शुरु की गई है। 'हाउस ऑफ हिमालयाज' की शुरुआत इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अंतर्गत उत्तराखण्ड के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को देश और दुनिया के बाजारों के अनुरूप तैयार किया गया है। ये उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र के उत्पादों का एक प्रमुख ब्रांड बनकर उभरे हैं।**

**बेहतर गुणवत्ता :** हाउस ऑफ हिमालयाज के उत्पाद बेहद खास हैं, जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और बेहतर कारीगरी के लिए जाने जाते हैं। यह बातें उन्हें बड़े पैमाने पर उत्पादन होने वाले दूसरे उत्पादों से विशिष्ट बनाती हैं।

## हाउस ऑफ हिमालयाज इसलिए है खास

**प्रामाणिकता का आश्वासन:** पारंपरिक तरीकों और प्रामाणिक अनुभवों को केंद्र में रखते हुए इस पहल के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पाद उच्च गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ग्राहकों तक भेजे जाते हैं। इन उत्पादों की उच्च गुणवत्ता की पुष्टि करने के लिए इन्हें सर्टिफिकेट भी दिया जाता है।

**सामुदायिक प्रतिबद्धता:** हाउस ऑफ हिमालयाज को चुनने का मतलब है, सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों का समर्थन करना। इसके हर उत्पाद की खरीद के साथ आप सामाजिक रूप से योगदान दे सकते हैं।

**ओपन सोर्सिंग:** इस पहल के अंतर्गत सामग्री और उत्पादन प्रक्रियाओं को चुनते समय पूर्ण पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उपभोक्ता का भरोसा बनाए रखा जा सके।

**नैतिकता को प्राथमिकता:** स्थायी सोर्सिंग और बेहतर उत्पादन के तरीके अपनाने के साथ यह ब्रांड उन तरीकों को अपनाता है, जिसकी नैतिक तौर पर सराहना की जाती है।

**बेहतर ब्रांड अनुभव:** उत्पाद की पूरी जानकारी, छोटी से छोटी बारीकी का ध्यान और बेहतर उत्पाद को शामिल करके यह ब्रांड ग्राहकों को एक बेहतर अनुभव प्रदान करता है, जो हर उपभोक्ता के लिए यादगार अनुभव साबित होता है।



ODTP — ONE DISTRICT TWO PRODUCTS UTTARAKHAND

## एक जिला-दो उत्पाद योजना के साथ दुनिया को लुभा रहे उत्तराखण्ड के उत्पाद

| जिला | उत्पाद-1 | उत्पाद-2 |
|---|---|---|
| अल्मोड़ा | बाल मिठाई | ट्वीड |
| बागेश्वर | ताम्र शिल्प उत्पाद | कीवी के उत्पाद |
| चमोली | गुलाब जल | हथकरघा के उत्पाद |
| हरिद्वार | शहद | जैगरी |
| चम्पावत | शहद | लोहे के उत्पाद |
| देहरादून | बेकरी उत्पाद | मशरूम के उत्पाद |
| रुद्रप्रयाग | चौलाई के उत्पाद | मंदिर अनुकृति हस्तशिल्प |
| नैनीताल | ऐपण हस्तशिल्प | फल प्रसंस्करण |
| पौड़ी | हर्बल मेडिसिन | लकड़ी शिल्प |
| ऊधम सिंह नगर | मैंथा ऑयल | मूंज ग्रास उत्पाद |
| उत्तरकाशी | सेब के उत्पाद | लाल चावल |
| पिथौरागढ़ | मुन्स्यारी राजमा | ऊनी कालीन |
| टिहरी | पनीर | टिहरी नथ |

### लोकल से ग्लोबल की ओर उत्तराखण्ड के शिल्प और जैविक उत्पाद

## पर्यटक अपने यात्रा व्यय का 5% स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें: प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वोकल फॉर लोकल की बात कही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' की शुरूआत की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार ने इस योजना को 'वन डिस्ट्रिक्ट-टू प्रोडक्ट' के रूप में आगे बढ़ाया है। बदरीनाथ धाम के निकट माणा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से अपील की थी कि कहीं भी घूमने जाएं तो अपने यात्रा व्यय का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। इससे स्थानीय आर्थिकी में जबरदस्त परिवर्तन देखने को मिलेगा। किसी भी क्षेत्र की पहचान उनकी भाषा-बोली एवं स्थानीय उत्पादों से होती है, इनको बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किये जाने चाहिए।



## देवभूमि के पारंपरिक उत्पाद विशिष्ट जीआई टैग से सम्मानित

### उत्तराखण्ड का भोटिया दन



यह उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा बनाया गया एक पारंपरिक हाथ से बुना हुआ कालीन है। ये कालीन अपनी गर्माहट, टिकाऊपन और जटिल डिजाइन के लिए जाने जाते हैं।

### उत्तराखण्ड थुलमा



थुलमा कंबल उत्तराखण्ड में भोटिया समुदाय द्वारा भेड़ या याक के ऊन का उपयोग करके हाथ से बुना जाता है। ये कंबल अपनी गर्माहट, टिकाऊपन के लिए जाने जाते हैं।

### जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) शिल्प उत्पाद

भौगोलिक संकेत (जीआई) उन उत्पादों पर प्रयुक्त किया जाने वाला चिन्ह है, जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है तथा उनमें उस उत्पत्ति के कारण गुण या प्रतिष्ठा होती है। दूसरे शब्दों में, यह एक प्रमाणीकरण है, जो किसी उत्पाद को किसी विशेष क्षेत्र से उत्पन्न होने की पहचान कराता है, जहां उत्पाद की दी गई गुणवत्ता, प्रतिष्ठा या अन्य विशेषता अनिवार्य रूप से उसके भौगोलिक उत्पत्ति के कारण होती है।

उत्तराखण्ड के निम्नलिखित शिल्प उत्पादों को भारत सरकार के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा जीआई टैग प्रदान किया गया है

### उत्तराखण्ड बिछुआ बूटी



बिछुआ फाइबर का उपयोग कपड़े, बैग और रस्सियों सहित कई उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है। इसके फाइबर को इसकी मजबूती और पर्यावरण-मित्रता के लिए महत्व दिया जाता है।

### उत्तराखण्ड लिखाई (लकड़ी की नक्काशी)



उत्तराखण्ड अपनी बेहतरीन लकड़ी की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है, कुशल कारीगर लकड़ी को जटिल तरीके से तराश कर सुंदर डिज़ाइन और रूपांकन बनाते हैं।

### नैनीताल मोमबत्तियां (मोमबत्ती)



उत्तराखण्ड अपनी कलात्मक मोमबत्तियों के लिए जाना जाता है, ये मोमबत्तियां अक्सर क्षेत्र के सांस्कृतिक रूपांकनों और प्रतीकों को दर्शाती हैं।

### उत्तराखण्ड रिंगाल शिल्प



रिंगाल उत्पाद एक प्रकार की स्थानीय घास से तैयार किए जाते हैं। कारीगर इसकी मजबूती और लचीलेपन के कारण चटाई, टोकरी और रस्सी जैसी वस्तुएं बनाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

### कुमाऊं की रंगवाली पिछौड़ा



रंगवाली पिछौड़ा एक पारंपरिक शिल्प है, जिसमें रंगीन हाथ से छपी/हाथ से बुनी हुई सूती/रेशमी/ऊनी शॉलें बनाई जाती हैं। डिजाइन और पैटर्न कुमाऊं क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं।

### उत्तराखण्ड ऐपण



ऐपण एक पारंपरिक लोककला है, जिसे चावल के पेस्ट या चाक का उपयोग करके तैयार किया जाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक समारोहों के दौरान यह लोककला फर्श, दीवारों या आंगनों पर देखा जाता है।

### चमोली लकड़ी का रावण मुखौटा



रावण मुखौटे लकड़ी से उकेरे जाते हैं और पारंपरिक लोक नृत्यों और सांस्कृतिक प्रदर्शनों में उपयोग किए जाते हैं।

### उत्तराखण्ड तमता उत्पाद



उत्तराखण्ड के कारीगर तांबे का उपयोग करके बर्तन, सजावटी सामान और धार्मिक कलाकृतियां जैसी विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

**खबर संक्षेप**

### टाटा ऐस के नीचे दबकर बाइक सवार दो किशोरों की मौत, एक घायल

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाईवे पर गोहाना बाइपास के पास बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी घायल हो गया। हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। मृतकों की पहचान पानीपत के वार्ड-11 निवासी रमनदीप सिंह और अमित के रूप में हुई है। घायल युवक का नाम वंश बताया गया है। तीनों बाइक पर सवार होकर रोहतक में अपने एक बीमार दोस्त का हालचाल लेने जा रहे थे। इसी दौरान गोहाना बाइपास के पास पीछे से आ रहे एक टाटा ऐस वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक के पीछे बैठे रमनदीप सिंह और अमित सड़क पर गिर गए। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से टाटा ऐस वाहन पलट गया और दोनों उसके नीचे दब गए। हादसे में दोनों किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई।

### चलती ट्रेन पर पाइप फेंकने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बीती 1 मई को दिल्ली से झांसी तक चलने वाली ट्रेन ताज एक्सप्रेस सुबह करीब 8 बजे होडल के आसपास पहुंची तो किसी शरारती व्यक्ति ने तेज गति से जा रही ट्रेन पर एक पाइप फेंका। पाइप शीशा तोड़ कर अंदर चला गया और एक सवारी को गंभीर चोट आई। जब ट्रेन मथुरा रुकी तो घायल को प्राथमिक चिकित्सा दी गई और उनके कथन के आधार पर मथुरा में जीरो एफआईआर दर्ज करके जीआरपी फरीदाबाद भेजी गई तथा जीआरपी द्वारा अभियोग अंकित करके तफ्तीश प्रारंभ की गई। गहन जांच के बाद एक व्यक्ति पर शक हुआ और उसकी तलाश की गई। पंकज पुत्र स्व. सुनील निवासी बेढा पट्टी होडल को गिरफ्तार किया गया है।

### निवेश के नाम पर 37.75 लाख की ठगी

**फरीदाबाद।** आईपीओ में निवेश के नाम पर 37.75 लाख की ठगी के मामले में धीरेन्द्र नागेश निवासी रायपुर, तुषार व यश कुमार निवासी महात्मा गांधी नगर रायपुर को 13 मई को रायपुर से गिरफ्तार किया है। ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया था कि उससे आईपीओ में निवेश के नाम पर 37.75 लाख रुपये की साइबर ठगी हुई है।

## अंबाला से लापता अमनदीप कौर की हत्या का सीसीटीवी से खुला राज

# कथित प्रेमी ने कोल्ड ड्रिंक में जहर देकर की हत्या, जंगल में ले जाकर लाश को जलाया

- मंगलवार से लापता थी युवती, कैमरा फुटेज से खुला राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

लापता युवती अमनदीप कौर की गुमशुदगी मामले में वीरवार को बड़ा खुलासा हुआ। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर क्षेत्र के कोलार जंगल में जली हुई मिली युवती की लाश की पहचान अमनदीप कौर के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी युवक संदीप उर्फ़ अप्पू वासी जनकपुरी कॉलोनी को गिरफ्तार कर लिया है।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने युवती को कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर मौत के घाट उतारा। पुलिस ने अभी तक हत्या के कारणों खुलासा नहीं किया है। बताया जा रहा है की दोनों पिछले काफी समय से एक-दूसरे के संपर्क में थे। युवती अमनदीप कौर अविवाहित थी जबकि संदीप विवाहित है। उसके दो बच्चे भी हैं। बता दें कि 31 वर्षीय अमनदीप कौर मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। परिजनों ने एक स्थानीय युवक पर हत्या कर शव को बैग में ठिकाने लगाने का आरोप लगाया था।

### शव बड़े बैग में डाल हिमाचल ले गया आरोपी

बीते बुधवार को सामने आई सीसीटीवी फुटेज ने पहले ही कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। फुटेज में अमनदीप रेलवे स्टेशन के पास



अंडरपास के नजदीक दुकान के ऊपर बने एक कमरे में जाती दिखाई दी थी। वह वापस बाहर नहीं निकली। क्रीब दो घंटे बाद आरोपी युवक संदीप और एक रेहड़ी चालक मतलूम को कमरे से बड़ा बैग नीचे लाते हुए देखा गया था। जांच में सामने आया है कि आरोपी ने पिछले लगभग एक साल से अंडरपास के समीप कमरा किराए पर लिया हुआ था। आरोपी संदीप बैटरियों का काम करता था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कमरे में ही अमनदीप को कोल्ड ड्रिंक में जहर देकर मार डाला। इसके बाद शव को बड़े बैग में भरकर कार के जरिए हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर क्षेत्र में ले जाकर कोलार जंगल में फेंक दिया। पहचान मिटाने के लिए शव पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, जिससे युवती का करीब 80 प्रतिशत शरीर झुलस गया।

### मां-बहन बीमार, युवती ट्यूशन पढ़ाती थी

अमनदीप कौर अपने परिवार का सहारा थी। पिता का पहले ही निधन हो चुका था। मां कैंसर से पीड़ित है जबकि छोटी बहन गंभीर बीमारी से जूझ रही है। अमनदीप घर-घर जाकर बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर परिवार का पालन-पोषण कर रही थी। उसकी हत्या की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में भारी आक्रोश है। लोगों ने आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

> जिला सिरमौर क्षेत्र में मिली लाश की पहचान अमनदीप कौर के रूप में हो गई है। लड़की के मामा जसपाल सिंह की शिकायत के आधार पर पहले गुमशुदगी की धारा 127 के तहत मुकदमे दर्ज किया गया था। अब इसके साथ बीएनएस 103, 238 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अरोपी संदीप को रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में हत्या के कारणों और पूरे घटनाक्रम की गहन जांच पड़ताल की जाएगी।
> 
> \- सुरेश कुमार, डीएसपी, बराड़ा।

### आरोपी तीन दिन के रिमांड पर लिया



बराड़ा थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार, चौकी इंचार्ज हाकम सिंह ने पुलिस बल के साथ हिमाचल पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी युवक संदीप को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा आरोपी युवक को कोर्ट में पेश किया गया और उसे 3 दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस उससे पूछताछ कर हत्या के कारणों और वारदात में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की जांच करेगी। इसके अलावा रेहड़ी चालक को भी हिरासत में लिया गया है। उससे भी इस मामले के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

### पानीपत बस स्टैंड पर आईटीआई स्टूडेंट की चाकू मारकर हत्या

**पानीपत।** पानीपत के बस अड्डे पर आईटीआई के स्टूडेंट 19 वर्षीय तनिष्क निवासी गांव कुराना की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद हमलावर युवक चाकू लहराते हुए फरार हो गए। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तनिष्क को अस्पताल पहुंचाया, जहां मेडिकल जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही परिजन सिविल अस्पताल पहुंचे। इधर, अभी तक की पुलिस जांच में पता चला कि हत्यारोपी विजय व उसके साथी हैं और वह गांव कुराना का ही है। उसने तनिष्क की हत्या रंजिशन की है। वहीं, पुलिस ने तनिष्क के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

### लव मैरिज का तीन साल बाद दुखद अंत

## सीनियर अकाउंटेंट ऑफिस की पांचवीं मंजिल से कूदी

- मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर लगाए प्रताड़ना के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

आदित्य बिरला कंपनी में सीनियर अकाउंटेंट ने ऑफिस की पांचवीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना की सूचना पाकर सेक्टर-65 थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

युवती की पहचान 33 वर्षीय जागृति बारी के रूप में हुई है। वह देहरादून की रहने वाली थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि युवती जागृति ने यूपी के मेरठ निवासी सीए अमित सिंघल से तीन साल पहले लव मैरिज की थी, लेकिन शादी के कुछ समय बाद से ही उसका पति से मनमुटाव चल रहा था। युवती के परिवार ने पति पर टॉर्चर करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, जागृति ने नवंबर 2023 को मेरठ निवासी सीए अमित सिंघल से लव मैरिज की थी। शादी के बाद से ही वह रोजाना गुरुग्राम से मेरठ के बीच सफर कर ड्यूटी करती थी। मृतका के मायके वालों ने पति अमित सिंघल और ससुराल वालों पर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार का कहना है कि मृतका के भाई ने पुलिस टीम को शिकायत दी है। आरोप लगाया है कि पति की प्रताड़ना से परेशान होकर उसकी बहन जागृति ने बिल्डिंग की 5वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या की है। भाई की शिकायत पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। साथ ही पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।



#### आरोप-पूरी सैलरी छीन लेता था पति

भाई हार्दिक बारी का आरोप है कि जागृति का पति अमित उसकी पूरी सैलरी जबरन अपने पास रख लेता था और उसे खर्च के लिए पैसे नहीं दिए जाते थे। शादी के चंद दिनों बाद ही जागृति को मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ना शुरू कर दिया गया था। घर के छोटे-मोटे कामों, रोजमर्रा की बातों और मामूली विवादों को लेकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की जाती थी।

### साइबर थाने की सतर्कता से बचे 34.40 लाख रुपये

**जींद।** साइबर थाना ने 34 लाख 40 हजार रुपये कि राशि को सुरक्षित बचाने में सफलता प्राप्त की है। साइबर थाना के प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीप सिंह ने बताया कि गांव राजगढ़ निवासी सुभाष ने गत 13 मई को शिकायत दी थी कि रात्रि को बैंक शाखा जुलाना स्थित खाते से 34 लाख 40 हजार रुपये डेबिट होने का मैसेज मोबाइल पर आया। उन्होंने तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई और थाना साइबर क्राइम जींद से संपर्क किया। जहां पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए तुरंत संबंधित बैंकों से संपर्क कर संबंधित खाते को तुरंत ब्लॉक करवाया, जिससे राशि को सुरक्षित रोक लिया गया। शिकायतकर्ता सुभाष चंद ने जींद पुलिस, थाना साइबर क्राइम जींद की त्वरित कार्रवाई एवं सतर्कता की सराहना करते हुए उनका धन्यवाद व्यक्त किया। साइबर थाना के प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीप सिंह ने कहा कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी, संदिग्ध कॉल, बैंकिंग फ्रॉड या ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा नजदीकी साइबर थाना में शिकायत दर्ज करवाएं ताकि समय रहते उचित कार्रवाई कर नुकसान होने से बचा जा सके।

## सोनू नोल्टा हत्याकांड का मास्टरमाइंड गोपाल काबू

### आरोपी पंचकूला के कालका से निर्दलीय लड़ चुका है चुनाव, 31 हजार वोट आए थे

- अमरावती क्षेत्र के मॉल के बाहर हथियारबंद युवकों ने 5 जून 2025 को सोनू नोल्टा की गोली मारकर हत्या की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने चर्चित सोनू नोल्टा हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपी गोपाल कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गोपाल निवासी गांव सुखोमाजरी जिला पंचकूला के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से एक दिन का पुलिस रिमांड पर लिया है।

पंचकूला पुलिस ने रिमांड अवधि के दौरान उससे मोबाइल फोन भी बरामद किया। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस हत्या की साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल थे। पंचकूला के अमरावती क्षेत्र स्थित मॉल के बाहर हथियारबंद युवकों ने 5 जून 2025 को सोनू नोल्टा की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने इस हत्याकांड में अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला थाना पिंजौर में दर्ज है तथा मामले की जांच लगातार जारी है।

#### हथियार देने से लेकर रेकी तक भूमिका

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी गोपाल कुमार की इस हत्याकांड में मुख्य भूमिका थी। आरोपी ने मुख्य शूटर पीयूष पिपलानी और अंकुश सोलंकी को छिपने में मदद की। आरोपियों को हथियार उपलब्ध करवाने, सोनू की लोकेशन बताने के साथ हत्या की पूरी योजना तैयार करने तथा साजिश को अंजाम तक पहुंचाने में भी उसकी मुख्य भूमिका रही। अभी इस मामले में और आरोपियों की भी गिरफ्तारी होनी है। पूछताछ में उनके नाम का खुलासा होगा।

#### 12 से अधिक केस दर्ज



पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है तथा राजनीतिक गतिविधियों में भी शामिल रहा है। आरोपी पूर्व में कालका विधानसभा चुनाव भी लड़ चुका है। जिसमें उसको 31688 वोट मिले थे। बतौर निर्दलीय वह तीसरे स्थान पर रहा। आरोपी गोपाल कुमार के खिलाफ वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2022 तक पंचकूला, हिमाचल प्रदेश तथा अंबाला क्षेत्र के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट, माइनिंग एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और जेल एक्ट सहित कई संगीन धाराओं के तहत 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### जूस की दुकान की आड़ में क्रिकेट सट्टा, आरोपी दबोचा

**रतिया।** ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले एक मुख्य बुकी को थाना शहर रतिया पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ा गया आरोपी जूस की दुकान चलाने की आड़ में हरिबेट7 डॉट कॉम वेबसाइट के जरिए लोगों से लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर रहा था। आरोपी की पहचान टिब्बा कॉलोनी, रतिया निवासी सुनील कुमार उर्फ टिंकू पुत्र तरसेम लाल के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि पुलिस टीम संजय गांधी चौक पर गश्त के दौरान तैनात थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि टोहाना रोड पर टिंकू फ्रूट जूस की दुकान चलाने वाला सुनील कुमार मोबाइल ऐप और वेबसाइट के माध्यम से लोगों को अधिक पैसा कमाने का लालच देकर सट्टा लगवाता है और बाद में उनके पैसे हड़प लेता है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक वीवो मोबाइल फोन बरामद हुआ, जिसकी जांच करने पर उसमें सट्टेबाजी वेबसाइट खुली पाई गई। आरोपी ने कबूल किया कि वह लोगों को मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर सट्टा लगवाता था और बाद में एप में घाटा होने का बहाना बनाकर उनकी रकम हजम कर जाता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर रतिया में मुकदमा दर्ज किया है।

## श्रीगंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस की ब्रेक लैदर में लगी आग, थमे पहिये

- 15 मिनट तक जींद के बरसोला के पास खड़ी रही रेलगाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बरसोला के पास वीरवार को श्रीगंगानगर इंटरसिटी एक्सप्रेस की ब्रेक लैदर में अचानक आग लग गई, जिसके चलते रेल यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की सूचना मिलने पर कई यात्री घबरा कर बोगी से बाहर आ गए। रेलवे कर्मचारियों और ट्रेन स्टाफ ने तत्परता से आग पर तुरंत काबू पा लिया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। 12482 गंगानगर इंटरसिटी रेलगाड़ी वीरवार को अपने निर्धारित मार्ग पर चल रही थी। ट्रेन जब गांव बरसोला से निकली तो एक कोच की ब्रेक लैदर से धुआं उठने लगा। कुछ ही देर में आग की लपटें नजर आने लगी। रेल स्टाफ द्वारा तुरंत प्रभाव से ट्रेन को रूकवाया गया। मौके पर मौजूद रेलवे कर्मचारियों ने अग्निशमन उपकरणों की मदद से आग बुझाने का कार्य शुरू किया और कुछ ही मिनटों में स्थिति को नियंत्रित कर लिया। घटना के कारण रेलगाड़ी 15 मिनट तक बरसोला के पास खड़ी रही। आग बुझाने और तकनीकी जांच के बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।



जींद। बरसोला गांव के पास आग लगने की वजह से खड़ी ट्रेन। फोटो : हरिभूमि

### हथियार सप्लाई करने वाला तस्कर नूंह पुलिस ने पकड़ा

**नूंह।** तावडू पुलिस ने अवैध हथियार सप्लाई नेटवर्क से जुड़े आरोपी जसविंदर उर्फ जस्सू को गिरफ्तार किया है। जसविंदर उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के गांव गोपालपुर का है। उस पर अवैध हथियार, एससी-एसटी एक्ट और जेल में मोबाइल रखने सहित करीब दस आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। मामले की जांच कर रहे एएसआई राहुल खान ने बताया कि 30 जून 2025 को एसटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि गांव दमदमा निवासी सचिन अवैध हथियारों के साथ गांव गुढ़ा-गुढ़ी क्षेत्र में मौजूद था। पुलिस टीम ने दबिश दी, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गया। बाद में उसे गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। आरोपी सचिन ने खुलासा किया कि उसने ये हथियार जसविंदर उर्फ जस्सू और अलावलपुर निवासी गज्जू से खरीदे थे। इस खुलासे के बाद पुलिस ने पहले गज्जू को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में तीसरे आरोपी जसविंदर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जसविंदर का एक लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है।

## कर्ज लेकर अमेरिका गए करनाल के युवक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

अमेरिका में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में करनाल की शिव कॉलोनी के युवक प्रवीण की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में शोक छा गया। मृतक के मामा चरणजीत ने बताया कि 12 मई की सुबह प्रवीण डिलीवरी के लिए जा रहा था। बताया गया कि अमेरिका के इंडियाना राज्य के प्लेनफील्ड क्षेत्र में वेकर बुलेवार्ड और स्टार्ट हेरिटेज पार्कवे के चौराहे पर वह रेड लाइट पर अपनी डिलीवरी गाड़ी लेकर खड़ा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार कार ने उसकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि प्रवीण की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस में रखवा दिया। परिजनों के अनुसार हादसे की जानकारी उन्हें अमेरिका से फोन कॉल के माध्यम से मिली। घटना के बाद परिवार सदमे में है और क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।



#### अमेजन में करता था काम

प्रवीण करीब तीन साल पहले अमेरिका गया था और वहां अमेजन कंपनी में डिलीवरी का काम कर रहा था। प्रवीन अपने परिवार का इकलौता बेटा था और दो बच्चों का पिता था। परिवार के आर्थिक हालात सुधारने के लिए उसने अमेरिका जाने का फैसला लिया था और इसके लिए 30 से 35 लाख रुपये का कर्ज लिया था। वहां पहुंचने के कुछ महीनों बाद उसे नौकरी मिल गई थी और वह नियमित काम कर रहा था।

### पापा सॉरी... 11वीं और 12वीं के पैसे बर्बाद कर दिए, किशोर लापता

**गन्नौर।** गांव अहीर माजरा में एक 19 वर्षीय किशोर घर से जाते समय भावुक नोट छोड़ गया। नोट में लिखा था, पापा सॉरी मैंने आपके 11वीं और 12वीं में लगाए पैसे बर्बाद कर दिए हैं। मैं कहीं का नहीं रहा। शायद ही मैं आपसे कभी मिल पाऊं। इसके बाद पिता ने इस संबंध में थाना गन्नौर में गुमशुदगी की शिकायत दी। शिकायत में अहीर माजरा गांव के नृत्यगोपाल ने बताया कि 13 मई की शाम वह चुलकाना धाम गए हुए थे। पीछे से विष्णु घर से बिना बताए कहीं चला गया। जब परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की तो कमरे में एक नोट मिला। नृत्यगोपाल ने बताया कि उसकी तीन बेटियां और विष्णु को उन्होंने भाई सुभाष से गोद लिया हुआ है।

### हाईटेक होने जा रही हरियाणा रोडवेज, जल्द लॉन्च होगा मोबाइल एप

# ट्रेनों की तरह अब रोडवेज बसों की भी लोकेशन कर सकेंगे ट्रैक

**यात्रियों को बस स्टैंड पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा, एप पर ही दिख जाएगी बस की लोकेशन**

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश में अब बसों को भी ट्रेन की तरह ट्रैक किया जा सकेगा। इससे बस में सफर करने वालों को बड़ी राहत मिलेगी। यात्रियों को बस अड्डे पर एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं देने की तैयारी है। पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। बसों की लोकेशन कहां से चली कहां जा रही है और रास्ते में कहां है। इसका पता मोबाइल एप पर चल सकेगा। इसके अलावा बस अड्डों के बाहर से फरलो मारने वाले चालकों की भी खैर नहीं होगी, ट्रैकिंग से तुरंत ही कंट्रोल रूम में पता लग जाएगा कि बस बाहर से गई है या फिर अड्डे के अंदर से, जिसके आधार पर कार्रवाई होगी। सरकार ने 'हरियाणा रोडवेज' को पूरी तरह हाईटेक बनाने की तैयारी कर ली है। यात्रियों को बस स्टैंड पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। परिवहन मंत्री अनिल विज ने इसके लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। मोबाइल एप से लाइव ट्रैकिंग की सुविधा जल्द ही लागू हो जाएगी। बसों में जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। !



#### एयरपोर्ट की तर्ज पर बस स्टैंड पर मिलेंगी सुविधाएं

इसके साथ ही दावा किया जा रहा है कि प्रदेश के मुख्य बस अड्डों को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। डिजिटल बोर्ड लगाए जाएंगे जो बसों के आगमन और प्रस्थान का सही समय प्रदर्शित करेंगे। बेहतर खान-पान और साफ-सुथरे प्रतीक्षालय उपलब्ध कराए जाएंगे। सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

#### सुरक्षा : बसों में लगेंगे पैनिक बटन व कैमरे

सुरक्षा के लिहाज से रोडवेज बसों में 'पैनिक बटन' और सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। किसी भी आपात स्थिति में बटन दबाते ही इसकी सूचना सीधे पुलिस कंट्रोल रूम (112) और रोडवेज के मुख्यालय तक पहुंच जाएगी।

#### बस का रूट बदला तो बजेगा अलार्म

नई तकनीक के जरिए अब ड्राइवरों की मनमानी पर भी लगाम लगाने की तैयारी है। कोई ड्राइवर निर्धारित रूट से बस को हटाता है और बस स्टैंड पर गाड़ी नहीं रोकता तो विभाग के सेंट्रल कंट्रोल रूम में तुरंत अलर्ट पहुंच जाएगा, जिसके बाद में संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी।

#### 100 नई बसें, 500 ईवी लाने की तैयारी

राज्य की बसों के बेड़े में जल्द ही 1000 नई बसें परिवहन विभाग जल्द ही शामिल करेगा। एक हजार नई बसें सड़कों पर उतारने की तैयारी है, जिसमें पांच सौ बसें ईवी होंगी। लंबी दूरी के लिए आधुनिक साधारण बसों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन सुविधाओं के पूरा होने के बाद हरियाणा रोडवेज में व्यापक स्तर पर बदलाव देखा जाएगा। अब देखना यह है कि यह सुविधाएं कब तक जनता को मिल सकेंगी।

### बस से उतरते हुए महिला की टायर के नीचे आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिले के रानियां कस्बे में प्राइवेट बस के कुचलने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। महिला का सिर टायर के नीचे आने से बुरी तरह कुचला गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया।

घटना के बाद चालक-परिचालक मौके से फरार हो गए। मृतक महिला की पहचान गांव तलवाड़ा खुर्द निवासी बिमला के रूप में हुई है। यह प्राइवेट बस ऐलनाबाद वाया डबवाली मार्ग पर चलती है। गुरुवार सुबह जैसे ही बस गांव जीवननगर से कुछ आगे निकली तो यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि महिला बस से



नीचे उतर रही थी और वह अचानक टायर के नीचे आ गई, जिससे बुरी तरह कुचली गई। हादसे के बाद बस को मौके पर ही रोक दिया गया और सवारियां बस से नीचे उतर गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### गृह मंत्री शाह से मिले सीएम योगी, चर्चा की

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक सरगर्मी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में नए मंत्रियों को विभाग आवंटन और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। विभागों के बंटवारे पर फैसला हो गया है।

### ट्रक में घुसी स्कार्पियो परिवार के 4 की मौत

**बांदा।** जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर स्कॉर्पियो गैस सिलेंडर लदे ट्रक से जा भिड़ी।



हादसे में स्कॉर्पियो के चालक सहित 4लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 20 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा सभी मृतक और घायल आजमगढ़ के रामगढ़ के रहने वाले एक ही परिवार के सदस्य हैं, जो कबरई जा रहे थे।

### अनिल के 7 ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने कहा कि उसने रिलायंस एडीए समूह की कंपनियों में से एक रिलायंस



कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ दर्ज मामले के संबंध में 7परिसरों पर तलाशी ली है। ब्यूरो ने कहा कि ये परिसर मुंबई, गुरुग्राम और बेंगलूरू में फैले हुए थे। यह तलाशी अभियान कंपनी के तत्कालीन सीईओ, सीएफओ और निदेशकों के आवासीय परिसरों पर चला।

### यूसीसीः रुड़की में दर्ज पहली एफआईआर

**हरिद्वार।** जिले के रुड़की में देश पहला हलाला का मामला सामने आया है जिसमें पुलिस ने यूसीसी



के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही चार्जशीट भी फाइल कर दी है। भगवानपुर से बड़ा मामला सामने आया है। बुग्गावाला थाना क्षेत्र के मुजाहिदपुर बंदरजूड गांव में दर्ज दहेज उत्पीड़न और 3 तलाक मामले की जांच के दौरान पुलिस ने चार्जशीट में शामिल किया है।

## मणिपुर के गृह मंत्री का दावा
# कुकी और नगा समुदायों के 38 से अधिक लोगों को विभिन्न समूहों ने बंधक बनाया

**इंफाल (भाषा)।** मणिपुर के गृह मंत्री गोविंदास कोंथौजम ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य में विभिन्न समूहों द्वारा नगा और कुकी समुदायों से संबंधित "38 से अधिक लोगों" को बंधक बना लिया गया है। यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब बुधवार को मणिपुर के कांगपोकपी जिले में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में चर्च के तीन पदाधिकारियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए जबकि नोनी जिले में एक नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई और उसकी पत्नी घायल हो गई। कोंथौजम ने संवाददाताओं से कहा, "कुल मिलाकर, दोनों समुदायों के 38 से अधिक लोगों को विभिन्न समूहों द्वारा बंधक बना लिया गया है। हम उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के लिए नागरिक समाज समूहों और नेताओं के साथ सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं।" गृह मंत्री ने ये टिप्पणियां बुधवार शाम को नोनी जिले के जौजांगटेक के पास हुए हमले में मारे गए नागरिक के परिवार से मुलाकात के दौरान कीं। मंत्री ने कहा कि हमने केंद्रीय गृह मंत्रालय को इस बारे में सूचित कर दिया है।



### मणिपुर के तीन जिलों में बंद से जनजीवन प्रभावित

**इंफाल।** मणिपुर में चर्च के तीन पदाधिकारियों और एक नागरिक की हत्या के विरोध में कुकी-जो और नागा समुदायों द्वारा बुलाए गए बंद का असर तीन जिलों में देखा गया। कांगपोकपी, चुराचांदपुर और चंदेल जिलों में बंद का असर सबसे ज़्यादा देखा गया। यहां पर सरकारी दफ़्तरों में कर्मचारियों की हाज़िरी बहुत कम रही, जबकि शिक्षण संस्थान बंद रहे। कई इलाकों में बाजार भी बंद रहे। जानकारी के मुताबिक, राज्य में कुकी जनजातियों की सर्वोच्च संस्था, 'कुकी इनपी मणिपुर' ने गुरुवार आधी रात से मणिपुर में 48 घंटे के बंद का आह्वान किया है।

## बेंगलुरु में प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग




**दमकल की कई गाड़ियां ने आग पर पाया काबू**

*बेंगलुरु के नयनदहल्ली इलाके में ब्याटरायनपुरा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत एक प्लास्टिक गोदाम में गुरुवारको सुबह एक भीषण आग लग गई। गोदाम में अत्यधिक ज्वलनशील कबाड़ और प्लास्टिक का सामान होने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया, जिसे बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर जुटीं। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है।*

## दिल्ली में अवैध पेड़ कटाई पर सख्ती, आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करें
# अवैध कटान के बदले 400 देसी प्रजाति के पौधे लगाएंः एनजीटी

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने मंगोलपुरी और सुल्तानपुरी ड्रेन के ग्रीन बेल्ट इलाके में अवैध रूप से पेड़ काटे जाने को लेकर दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज और मामले की जांच का आदेश दिया।




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मंगोलपुरी-सुल्तानपुरी बड़े नाले की हरित पट्टी/वन क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई के मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाते हुए वन विभाग से लेकर दिल्ली सरकार व पुलिस पर तल्ख टिप्पणी की है। अवैध कटान के बदले देसी प्रजाति के 400 पौधों को लगाने के आदेश दिए हैं। अवैध पेड़ों की कटाई के मामले पर प्राथमिकी करने का आदेश देते हुए न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरुण कुमार त्यागी की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इस मामले के तथ्य विभिन्न एजेंसियों व अधिकारियों की बहुत ही दयनीय स्थिति पेश करते हैं। एनजीटी ने कहा कि पेड़ों के संरक्षण के जिम्मेदारी अधिकारी न तो अवैध कटान को रोक रहे हैं और न ही त्वरित कार्रवाई कर रहे हैं। उक्त तथ्यों को देखते हुए मामले पर सुल्तानपुरी थाना एसएचओ को प्राथमिकी कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया जाता है।

### अवैध कटाई का दोषी पाए जाने पर वसूली जाएगी भारी राशि

इसके अलावा, एनजीटी ने दिल्ली में पिछले पांच वर्षों के दौरान पेड़ काटने की सभी शिकायतों का रिकॉर्ड तैयार कर उसे सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि जिन लोगों को अवैध कटाई का दोषी पाया जाएगा, उनसे पर्यावरण को हुए नुकसान की भरपाई की राशि भी वसूली जाएगी।

**सुप्रीम कोर्ट ने की गुजरात के पीपावाव पोर्ट मामले में टिप्पणी**

## पर्यावरण के नाम पर सब कुछ नहीं रोक सकते



- पोर्ट के विस्तार पर रोक को लेकर याचिका खारिज की
- पर्यावरणविदों को एनजीटी में अपील की अनुमति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के पीपावाव पोर्ट के विस्तार के खिलाफ दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, याचिका में पर्यावरण मंजूरी में खामियां जताई गई थी। कोर्ट ने सोमवार को याचिकाकर्ता से सवाल पूछते हुए कहा, आप हमें एक भी ऐसी परियोजना बताइए जहां इन पर्यावरणविदों की ग्रीन लॉबी ने विरोध न किया हो। सर्वोच्च अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा, बुनियादी ढांचे के बिना देश का विकास नहीं हो सकता। पर्यावरणविद चेतन कुमार नविनत्रे व्यास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनीता शेनॉय ने तर्क दिया कि यह परियोजना एक दशक से अधिक समय से रुकी हुई है और अब समुद्री स्तनधारियों, ऑलिव रिडले कछुओं, पक्षी प्रजातियों और मैंग्रोव पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों पर विचार किए बिना इसको मंजूरी दे दी गई है। मामले की सुनवाई कर रहें सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि पर्यावरण प्रभाव आकलन (ईआईए) रिपोर्ट में आशंकाओं को निराधार पाया गया था और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी पोर्ट के विस्तार को हरी झंडी देते हुए विचार प्रस्तुत किए थे।

# चारधाम यात्रा में अब तक 38 तीर्थयात्रियों की मौत




भाषा ▶▶| देहरादून

- **आपातकालीन परिचालन केंद्र ने जानकारी दी**
- **ये सभी मौतें विभिन्न स्वास्थ्य कारणों से ही हुईं**

उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में चल रही चारधाम यात्रा के शुरुआती तीन सप्ताह के दौरान स्वास्थ्य संबंधी कारणों से अब तक 38 तीर्थयात्रियों की मृत्यु दर्ज की गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने यह जानकारी दी। चारधाम यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ हुई थी। केदारनाथ मंदिर के कपाट 22 अप्रैल को जबकि बदरीनाथ मंदिर के कपाट 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। एसईओसी के अनुसार, 13 मई की शाम पांच बजे तक चारधाम यात्रा के दौरान 38 श्रद्धालुओं की मौत की सूचना मिली है। इनमें केदारनाथ में सबसे अधिक 21 मौतें दर्ज की गईं, जबकि बदरीनाथ में सात तथा गंगोत्री और यमुनोत्री में पांच-पांच श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई। अधिकारियों ने बताया कि ये मौतें विभिन्न स्वास्थ्य कारणों से हुई हैं, जिनमें ऊंचाई के कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां और दिल का दौरा प्रमुख हैं। यात्रा शुरू होने के बाद से चारों धामों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। बुधवार शाम सात बजे तक कुल 12.60 लाख से अधिक तीर्थयात्री मंदिरों में दर्शन कर चुके हैं।

# ममता काला कोट पहनकर कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचीं, चुनावी हिंसा से जुड़े मामले में पैरवी की

- बाहर निकलीं तो बुआ चोर भतीजा चोर के नारे लगे
- कलकत्ता हाईकोर्ट से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की

**कोलकता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी एक बार फिर काला कोट पहनकर कोर्ट में दलीलें देने पहुंची। ममता गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पाल और जस्टिस पार्थसारथी सेन के सामने पेश हुईं।

मामला हाल के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई चुनावी हिंसा से जुड़ी जनहित याचिका का था। सुनवाई के दौरान ममता ने कोर्ट को बताया कि राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। इसमें बुलडोजर एक्शन भी शामिल है। पुलिस एफआईआर दर्ज करने की परमिशन नहीं दे रही है। उन्होंने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले, आगजनी और हत्याओं के आरोप लगाते हुए कोर्ट से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की। इधर, सुनवाई के बाद जब ममता कोर्ट रूम से बाहर निकलीं, तो गलियारों में मौजूद वकीलों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया। ये सभी ममता को देखकर बुआ चोर-भतीजे चोर के नारे लगाने लगे।



### बार काउंसिल ने ममता के वकालत के रिकॉर्ड मांगे

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के एनरोलमेंट और वकालत के रिकॉर्ड मांगे हैं। बीसीआई ने एनरोलमेंट, प्रैक्टिस के निलंबन और प्रैक्टिस सर्टिफिकेट की जानकारी 2 दिन के भीतर देने को कहा है।

# प्रतीक यादव पंचतत्व में विलीन, ससुर अरविंद ने दी मुखाग्नि



**लखनऊ(एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव का आज सुबह लखनऊ के भैसाकुंड में अंतिम संस्कार हो गया है। प्रतीक यादव के ससुर यानी अपर्णा यादव के पिता अरविंद सिंह बिष्ट ने प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। इस दौरान अखिलेश यादव, धर्मेंद्र यादव, आदित्य यादव, शिवपाल सिंह यादव समेत परिवार के अन्य लोग मौजूद रहे। बुधवार सुबह, 13 मई को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उनका निधन हो गया था। महज 38 साल की उम्र में प्रतीक यादव के निधन से राजनीतिक और सामाजिक हलों में शोक पसर गया है। कांग्रेस, भाजपा और समाजवादी पार्टी के तमाम नेताओं ने इस पर दुख जताया है। प्रतीक यादव के अंतिम संस्कार में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रतीक के अचानक निधन पर दुख जताया।

## उत्तर भारत में मौसम में आया बदलाव
# यूपी में आंधी-तूफान से 104 की मौत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ/नई दिल्ली

- राजस्थान और आंध्र प्रदेश हीटवेव की चपेट में आया
- हरियाणा में कई क्षेत्रों में बारिश के बाद भी बढ़ी गर्मी
- कई शहरों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचा, प्रदेश में 17 मई के बाद चलेगी लू

देश में दो तरह का मौसम देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज-अयोध्या समेत 30 जिलों में बुधवार को आंधी-तूफान के कारण 104 लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा 21 मौतें प्रयागराज और 17 मौतें भदोही में हुईं। यहां 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली, बरेली में एक शख्स टिनशेड समेत हवा में उड़ गया। हरियाणा के अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 1.1 डिग्री तापमान में बढ़ोतरी हुई। राज्य के 5 शहरों में 40 डिग्री से ज्यादा रहा, इनमें नारनौल 42.5 डिग्री तापमान रहा। राज्य में 17 मई से हीटवेव का यलो अलर्ट है। बिहार के पूर्णिया-कटिहार समेत 7 जिलों में आज तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट है।

### बरेली में टिनशेड के साथ हवा में उड़ा युवक



### चौथे दिन जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा

वहीं शुक्रवार को उप्र के 51 जिलों में तेज आंधी-बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में भी तेज गर्मी और हीटवेव का असर है। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को लगातार चौथे दिन राज्य का जैसलमेर देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां 46.1 डिग्री तापमान रहा। आज आज बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर में तेज गर्मी का रेड अलर्ट है।

हरियाणा सरकार

स्वच्छता, सम्मान और सशक्तिकरण

महिला एवं किशोरी सम्मान योजना

"मेनस्ट्रूअल हाइजीन मिशन" के अंतर्गत महत्वपूर्ण सूचना

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा
10 से 45 वर्ष की BPL किशोरियों एवं महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है।

**सभी पात्र लाभार्थियों से अनुरोध :**
- निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी सेनेटरी नैपकिन की मांग 20.05.2026 तक अवश्य दर्ज करें, http://117.251.82.30/mksy/
- अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र (AWC) पर संपर्क कर मांग प्रस्तुत करें

**माताओं से विशेष अपील :**
- अपने परिवार की किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक करें एवं इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें

**मुख्य उद्देश्य :**
- मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देना
- सुरक्षित एवं सम्मानजनक प्रबंधन सुनिश्चित करना
- जागरूकता के माध्यम से सामाजिक मिथ दूर करना

निकटतम आंगनवाड़ी केंद्र पर आज ही संपर्क करें

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# मित्तल एयरटेल की बागडोर नई पीढ़ी को सौंपने की तैयारी में

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल ने कहा है कि वह अगले दशक में भारती एयरटेल लिमिटेड की कमान नई पीढ़ी को सौंपने की योजना बना रहे हैं। साथ ही उनकी इच्छा प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम में फिर से 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी हासिल करने की भी है। मित्तल और सिंगटेल समूह के स्वामित्व वाली भारती टेलीकॉम के पास वर्तमान में एयरटेल में 40.47 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्रवर्तक कंपनियां भारती टेलीकॉम, मित्तल परिवार की होल्डिंग कंपनी इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट, सिंगटेल ग्रुप की कंपनी पास्टेल और अन्य मिलकर एयरटेल में 48.87 प्रतिशत हिस्सेदारी रखती हैं।

## मित्तल की इच्छा भारती टेलीकॉम में 50 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने की

### भारती एयरटेल को नियंत्रक शेयरधारिता हासिल करनी चाहिए

भारती एयरटेल की जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजों की घोषणा के दौरान मित्तल ने कहा, '' मुझे पता है कि एकदम सटीक भविष्यवाणी करना मुश्किल है लेकिन मेरी इच्छा है कि अगले दशक में जब मैं शेयरधारकों के रूप में अगली पीढ़ी को बागडोर सौंपने के मुकाम तक जाऊं तब तक भारती टेलीकॉम को 51 प्रतिशत या 50 प्रतिशत से थोड़ा अधिक की नियंत्रक शेयरधारिता हासिल कर लेनी चाहिए।''



### एयरटेल में हिस्सेदारी बढ़ाने बड़ी पूंजी की जरूरत

मित्तल ने कहा कि एयरटेल में भारती टेलीकॉम की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत बढ़ाने के लिए बड़ी पूंजी की आवश्यकता होगी, जो मौजूदा शेयर मूल्य एवं बाजार पूंजीकरण के आधार पर लगभग एक लाख करोड़ रुपये के निवेश के बराबर है। मित्तल ने कहा कि मूल विचार यह है कि नियंत्रण एवं प्रवर्तक शेयरधारिता एक ही कंपनी के माध्यम से होनी चाहिए।

### सिंगटेल की हिस्सेदारी घटाने की प्रक्रिया जारी

मित्तल ने कहा कि सिंगटेल की हिस्सेदारी घटाने की प्रक्रिया जारी है और नई संरचना के बाद हिस्सेदारी अंतर कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले तीन से चार वर्ष में 3.6 प्रतिशत की शेष हिस्सेदारी हासिल करने की योजना एयरटेल के प्रदर्शन, शेयर की पुनर्खरीद और लाभांश जैसे कारकों पर निर्भर करेगी।

### मित्तल का कार्यकाल पांच साल के लिए और बढ़ा

मित्तल का वर्तमान कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त होना था लेकिन इसे 30 सितंबर, 2031 तक पांच वर्ष के लिए फिर से बढ़ा गया है। एयरटेल ने जनवरी-मार्च तिमाही में 33.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,325 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया।

**जेएसडब्ल्यू स्टील का लाभ 19,243 करोड़ रुपए :नई दिल्ली।** इस्पात कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 19,243 करोड़ रहा है जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 1,501 करोड़ था। कंपनी के मुनाफे में यह बढ़ोतरी 17,888 करोड़ रुपये के असाधारण लाभ का नतीजा है।

**NOTICE**

1, No 15494807Y Rank- DFR, Amt S/o Dharampal R/o Ponkheri Khery Distt Jind Haryana (India) declare That I am a perment resident of above noted address. I am working in Indian Army as a sep. (DFR). My wife's name is Sunita Rani and in my wife's all document her name is mentioned as Sunita Rani and her date of birth is 01-01-1983. In my miltry record my wife's name is mentioned as Sunita Devi and her date of birth is 01-01-1986. I want to correct my wife's name in my miltry record from Sunita Devi to Sunita Rani. I want to correct my wife date of birth in my army record from 01-01-1986 to 01-01-1983. Sunita Rani & Sunita Devi are the name of same lady. I take full responsiblity for my wife's name and her date of birth.

**बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय मण्डी सैनियान हांसी-II (18987) खण्ड हांसी-II (बास) में कण्डम घोषित विद्यालय के 2 कमरे बरामदे सहित व 1 ऑफिस की बोली की जानी है। इच्छुक बोलीदाता बोली में भाग लेने हेतु दिनांक 30.05.2026 को सुबह 10:00 बजे विद्यालय में आकर बोली दे सकते हैं। बोली दाता को (10,000) (दस हजार रूपये) नकद अन्तिम धरोहर राशि जमा करवानी होगी। सफल बोली दाता को शेष राशि उसी दिन अथवा एक सप्ताह के अन्दर जमा करवानी होगी। बाकी नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
मोबाइल नंबर - 9034804453

Sd/-Head Teacher
G.P.S.
Mandi Sainiyan Hansi-II

## ईंधन, बिजली एवं कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि

# थोक मुद्रास्फीति में जबर्दस्त उछाल, अप्रैल में 42 माह के उच्चस्तर 8.3% पर पहुंची

### क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया संकट से ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 42 महीने के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी।वैश्विक ब्रोकरेज फर्म बार्कलेज के अनुसार, थोक मुद्रास्फीति में क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि ने मुख्य मुद्रास्फीति दर में उछाल आया। धातुओं, रसायनों और वस्त्रों की विनिर्माण लागत में वृद्धि के कारण मुख्य थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत तक बढ़ गई।

### कच्चे तेल की कीमतों ने ईंधन आयात को महंगा बना दिया

पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध ने भारत में कच्चे पेट्रोलियम के आयात को बाधित कर दिया है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि ने ईंधन आयात को महंगा बना दिया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, '' अप्रैल, 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही।''



### खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर 1.98 प्रतिशत रही

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 1.98 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 1.90 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 12.18 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 11.5 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.62 प्रतिशत रही जबकि पिछले महीने यह 3.39 प्रतिशत थी।

### लॉजिस्टिक लागत का असर अब महंगाई में दिखने लगा

बजाज ब्रोकिंग के बुनियादी विश्लेषक शाश्वत सिंह ने कहा कि बढ़ती लॉजिस्टिक लागत, माल ढुलाई और जिंस कीमतों का असर अब धीरे-धीरे थोक महंगाई में दिखाई देने लगा है। इसका असर आगे उपभोक्ता मुद्रास्फीति पर भी पड़ सकता है।

### पेट्रोल, डीजल दोनों हो सकते हैं पांच रुपये लीटर महंगे

बार्कलेज के अनुसार, मई में पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में जल्द पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जा सकती है, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें अब भी ऊंची बनी हुई हैं। साथ ही ऐसा लगता है कि मौद्रिक नीति समिति आपूर्ति झटके से बढ़ी महंगाई को नजरअंदाज करेगी और 2026 के बाकी समय में नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं करेगी।

# सोना 650 रुपये मजबूत और चांदी में गिरावट

**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो बुधवार को 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी 900 रुपये टूटकर 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



सोना बढ़कर 1.66 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 900 रुपए टूटकर 2,96,600 रुपए प्रति किलोग्राम

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | ऑनलाइन पंजीकरण और विभिन्न कार्यों की डेटा प्रोसैसिंग हेतु। | 13.05.2026 27.05.2026 | रु. 80,00,000/- | http://www.bseh.org.in | 9050911877 ascc@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/45157/I/88/6 दि. 14.05.26

**भारतीय पटसन निगम लि.**
भा प नि JCI
(भारत सरकार का एक उपक्रम)
पटसन भवन, तृतीय एवं चतुर्थ तल, सीएफ ब्लॉक, एक्शन एरिया–1
कोलकाता–700156
फोन : 033–2252–1100, फैक्स : 033–2252–1771
CIN: U17232WB1971GOI027958

**रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

भारतीय पटसन निगम लि., एक सीपीएसई, जूट विविध उत्पादों (जेडीपीएस) के विस्तार के लिए एक व्यापक रणनीतिक अध्ययन करने और एक रोडमैप विकसित करने हेतु प्रतिष्ठित परामर्शदायी फर्मों/एजेंसियों/संस्थानों से मोहरबंद तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित करता है। पात्रता मानदंड और अन्य विवरण जेसीआई की वेबसाइट (www.jutecorp.in) पर उपलब्ध हैं।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 4 जून 2026 है।**

सीबीसी–41122/12/0015/2627

रुपया सात पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर पर **मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले और कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर 95.73 (अस्थायी) पर रहा। मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन रही तेजी, सेंसेक्स 790 अंक चढ़ा

### दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में रही खरीदारी

**एजेंसी ▶▶। मुंबई**

स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को मजबूती मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक की बढ़त के साथ 75,398.72 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से अधिक चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल में सर्वाधिक पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के बाद निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। इसके साथ इटर्नल में 3.32 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 2.67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनुप कश्यप पुत्र राम कुमार कश्यप पताः वीपीओ झरोटा थाना व तहसील खारखोदा जिला सोनीपत हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 669/2022 धारा 33/38/58(डी) दिल्ली एक्साईज एक्ट के तहत** थानाः तिलक नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अनुप कश्यप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अनुप कश्यप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 669/2022 धारा 33/38/58(डी) दिल्ली एक्साईज एक्ट के तहत थानाः तिलक नगर, दिल्ली के उक्त अनुप कश्यप** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विकास मदान
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–07
पश्चिम तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6289/WD/2026

**कार्यालय नगर पालिका, पूण्डरी**

**(सूचना)**

आमजन को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका पूण्डरी कार्यालय द्वारा अपनी सीमा के अंदर आने वाले पार्कों को निदेशालय, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, पंचकूला द्वारा अपने कार्यालय के पत्र क्रमांक EE&IV/DULB/2022/6995 दिनांक 13.12.2022 द्वारा शहरी स्थानीय निकाय संस्थाओं के अधिकार क्षेत्र में आने वाले पार्क/ग्रीन बेल्ट को रखरखाव हेतु सामाजिक संस्थाओं, आर.डब्ल्यू.ए., एन.जी.ओ व ट्रस्ट इत्यादि को दिए जाने हैं।

इसलिए उक्त पार्क / ग्रीन बेल्ट को रखरखाव हेतु गोद लेने के लिए नगर पालिका कार्यालय में दिनांक 21.05.2026 से 26.05.2026 तक सामाजिक संस्थाओं, आर.डब्ल्यू.ए., एन.जी.ओ व ट्रस्ट इत्यादि से आवेदन प्राप्त किए जाने हैं।

उसके उपरांत किसी भी संस्था द्वारा दिया गया आवेदन मान्य नहीं होगा।"

हस्ता/- सचिव
नगर पालिका, पूण्डरी

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद के अधीन एनएलडीएम–यूएचएल खंड के पुल सं. 228, 238 एवं 243 तथा सीएचटीएल–एडीआर खंड के पुल सं. 320, 331, 353 एवं 357 सहित कुल 7 प्रमुख पुलों का सुदृढ़ीकरण कार्य, जिसमें एबटमेंट के आसपास सेस संरक्षण हेतु रिटेनिंग वॉल का निर्माण, एबटमेंट पर फिल्टर मीडिया सहित स्टोन पिचिंग, पुल एप्रोच के कटिंग भाग का ढाल संरक्षण तथा एनएलडीएम–यूएचएल एवं सीएचटीएल–एएडीआर खंड में जल निकासी का कार्य। | ₹5,40,98,954/- | ₹10,82,000/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 2. | सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद के अधीन यूएचएल–सीएचटीएल खंड में पुल सं. 249, 251, 263, 265, 272, 282, 284, 293 एवं 296 सहित कुल 9 प्रमुख पुलों के सुदृढ़ीकरण का प्रावधान, जिसमें एबटमेंट के आसपास सेस संरक्षण हेतु रिटेनिंग वॉल का निर्माण, एबटमेंट पर फिल्टर मीडिया सहित स्टोन पिचिंग, पुल एप्रोच के कटिंग भाग का ढाल संरक्षण तथा जल निकासी का कार्य। | ₹5,58,95,002/- | ₹11,17,900/- | 15 महीने | 08.06.2026 |
| 3. | ADEN/JUD के अधीन 09 बीएन/आरपीएसएफ/जगाधरी वर्कशॉप में अग्र कक्ष, संलग्न स्नानघर एवं एक लाउंज वाले 5 कमरों के जी.ओ. मेस का प्रावधान। | ₹1,40,53,620/- | ₹2,81,100/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 4. | राजपुरा–धुरी, धुरी–बठिंडा, बठिंडा–श्रीगंगानगर, लुधियाना–धुरी–जाखल एवं जाखल–हिसार खंडों के विभिन्न एनएसजी–6 एवं हाल्ट श्रेणी के स्टेशनों पर दिव्यांगजन–अनुकूल सुविधाओं के उन्नयन का कार्य। | ₹1,07,29,647/- | ₹2,14,600/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 5. | अंबाला डिवीजन के स्टेशन, स्टेशन के बीच के क्षेत्र और रेलवे कॉलोनी आदि के भूमि मानचित्रों के अद्यतन, मिलान, प्रमाणीकरण और कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव। | ₹56,57,198/- | ₹1,13,200/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 6. | किरतपुर साहिब माल साइडिंग में अवसरचनात्मक सुविधाओं के संवर्धन का प्रस्तावित कार्य। | ₹90,55,350/- | ₹1,81,100/- | 10 महीने | 08.06.2026 |
| 7. | सुनाम उधम सिंह वाला स्टेशन और नाभा स्टेशन पर विद्यमान प्लेटफार्म संख्या 1 का उच्च–स्तरीय प्लेटफार्म में विस्तार एवं उन्नयन का प्रस्तावित कार्य। | ₹6,08,97,278/- | ₹12,18,000/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 8. | ADEN/Track/UMB के अंतर्गत अंबाला डिवीजन में फ्लैश बट वेल्ड (FBW) के लिए फेज्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (PAUT) | ₹91,73,993/- | ₹1,83,500/- | 12 महीने | 08.06.2026 |

नोटः 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्या 08–अम्बाला/2026–27 दिनांकः 13.05.2026 1612/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल


**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।


**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।


**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।


**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास करें।


**तुला** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**वृश्चिक** घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।



**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख–रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।


**मीन** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

### भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक लगाई रोक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है। इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा, ''चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी एवं परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) ''प्रतिबंधित'' से ''निषिद्ध'' कर दिया गया है।'' यह आदेश हालांकि, क्रमशः सीएक्सएल और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत निर्यातकों को निर्धारित मात्रा में चीनी को इन गंतव्यों पर काफी कम या शून्य सीमा शुल्क पर भेजने की अनुमति मिलती है।

## शब्द पहेली - 6226




**बाएँ से दाएँ**
1.शरीफ,नेकनीयत–5
4.जिसे सुनाई न दे–3
6.मां का भाई–2
7.एकमात्र,सिर्फ एक–3
8.अधिकार–2
10.सिर झुकाना–3
11.दुर्घटना–4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ–3
16.राजदार–4
17.राजा की पत्नी–2
18.वीज, वीर्य–2
19.मीठा पेय पदार्थ–4
21.पानी की बूंद–3
22.अवरोध,बाधा–4
24.मैला,अस्वच्छ–3
25.पानी,जल–2
27.पुत्र,लड़का–3
28.लाश,पार्थिव देह–2
29.थकावट–3
30.मन मोहने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी–5
2.अस्थमा–2
3.राज्य,सल्तनत–4
4.तन,काया,देह–3
5.रास्ता,मार्ग–2
7.नखरा,भुगतान–2
9.डोली उठाने वाले–3
12.बिजली,विद्युत रश्मि–3
13.भद्रता,नेकनियत –4
15.कमल,पंकज–3
16.बुखरा,ज्वर ताप–4
17.आराम,मदद–3
18.घना वन–3
20.मन को भाने वाला –2,3
21.कथा,गाथा–3
22.कहासुनी–4
23.मनन करना–3
24.शराब–2
26.घोड़ागाड़ी–2
28.बढ़ावा देना–2

**शब्द पहेली-6225 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | य | ह | ज | नी | ■ | फि | स | ल | ना | ■ |
| अ | ■ | क | हा | र | ■ | त | न | य | ■ | बु |
| ह | क | ■ | न | व | ■ | र | म | ■ | फ | न |
| म | म | ता | ■ | ता | क | त | ■ | चा | त | क |
| क | र | त | ब | ■ | म | ■ | त | ल | वा | र |
| ■ | ■ | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | ■ | ■ |
| ला | व | ज | मा | ■ | बं | ■ | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | ■ | म | द | द | ■ | म | ग | न |
| वा | न | ■ | क | न | ■ | ह | म | ■ | न | म |
| ब | ■ | त | म | स | ■ | ली | ट | र | ■ | त |
| ■ | मे | ह | रा | ब | ■ | ज | र | ब | फ्त | ■ |



# अदाणी ग्रुप के लिए बड़ी राहत

# अमेरिका में धोखाधड़ी का मामला हो सकता है खत्म

ब्लूमबर्ग का दावा है कि अमेरिका का न्याय विभाग इसी हफ्ते अदाणी के खिलाफ आरोपों को वापस लेने की घोषणा कर सकता है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के दिग्गज कारोबारी गौतम अदाणी के लिए एक बड़ी राहत की खबर सामने आ रही है, जो एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति पर एक साल से अधिक समय से लटकी कानूनी तलवार को हटा सकती है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी अधिकारी गौतम अदाणी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों को सुलझाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और आपराधिक मामले को खत्म करने की तैयारी में हैं। इस कदम से अदाणी ग्रुप के लिए अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार में वापसी करने और अपनी आक्रामक विस्तार रणनीति को फिर से शुरू करने का रास्ता साफ हो जाएगा। नवंबर 2024 में, ब्रुकलिन में अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने पांच-सूत्रीय आरोप पत्र में दावा किया था कि अदाणी और अन्य प्रतिवादियों ने भारत में सौर-ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 250 मिलियन डॉलर की रिश्वत योजना चलाई। न्याय विभाग का आरोप था कि उन्होंने भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का वादा किया और अमेरिकी निवेशकों से धन जुटाते समय इस योजना को छिपाया। इसके अलावा, एसईसी ने भी अपने समानांतर मुकदमे में आरोप लगाया था कि गौतम अदाणी ने 'अदाणी ग्रीन' द्वारा भारत के सबसे बड़े सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना के अनुबंध प्राप्त करने के लिए अधिकारियों को करोड़ों डॉलर की रिश्वत देने या उसका वादा करने का नेतृत्व किया।

**250 मिलियन डॉलर की रिश्वत के आरोप लगे थे**



### कानूनी बचाव और आगे का रास्ता

इस साल की शुरुआत में, अदाणी के वकीलों ने एसईसी के धोखाधड़ी के मामले को खारिज करने की अपील करते हुए दस्तावेज दाखिल किए थे। उनका तर्क था कि नियामकों के पास इन दोनों व्यक्तियों पर आवश्यक अधिकार क्षेत्र नहीं है और मामले को आधार देने वाले कथित गलत बयान कार्रवाई योग्य नहीं थे। अगर इन मामलों का अंत होता है, तो यह कोयला खनन से लेकर नवीकरणीय ऊर्जा और हवाई अड्डों तक का कारोबार करने वाली भारत की सबसे ताकतवर कंपनियों में से एक, अदाणी ग्रुप के लिए एक महत्वपूर्ण वरदान साबित होगा। फिलहाल, ब्रुकलिन में अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है और एसईसी या अदाणी ग्रुप के प्रतिनिधियों ने भी तुरंत कोई जवाब नहीं दिया है।

### क्या है संभावित समाधान?

सूत्रों के अनुसार, अमेरिकी न्याय विभाग इसी सप्ताह आरोपों को वापस लेने की घोषणा कर सकता है। इस पूरे घटनाक्रम से जुड़ी प्रमुख बातें इस प्रकार हैं: प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) भी नवंबर 2024 में अदाणी और अन्य के खिलाफ लाए गए समानांतर सिविल धोखाधड़ी मामले को निपटाने की ओर बढ़ रहा है। चूंकि प्रतिवादी अमेरिका से बाहर हैं, इसलिए न्याय विभाग आरोपों को प्रभावी ढंग से हटा सकता है, लेकिन एसईसी के समाधान में संभावित रूप से कंपनी पर एक आर्थिक जुर्मानालगाया जा सकता है। न्याय विभाग का मुकदमा अदाणी परिवार के अमेरिका में न होने के कारण रुका हुआ था, जबकि एसईसी का मामला अदालत में आगे बढ़ रहा था। हालांकि, अदाणी ग्रुप ने लगातार इन आरोपों का खंडन किया है। मामले में गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर सहित कोई भी प्रतिवादी अब तक अदालत में पेश नहीं हुआ है, जिससे मामला प्रभावी रूप से रुका हुआ था।

## 16 फर्जी खातों से 1.80 करोड़ रुपये के गोल्ड लोन का गबन

■ तेलंगाना में आदर्श को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक में गोल्ड की धोखाधड़ी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में आदर्श को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक की मेडक ब्रांच में धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। यहां के बैंक मैनेजर पर आरोप है कि उसने नकली गोल्ड लोन देकर और जमा किए गए कैश को दूसरी जगह भेजकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की। पुलिस ने बताया कि आरोपी मैनेजर, जिसकी पहचान अनिल के रूप में हुई है। वह फिलहाल फरार है। पुलिस ने इस घोटाले में शामिल होने के लिए अनिल की पत्नी और उसके दोस्त सुब्रमण्यम को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अनिल का पता लगाने विशेष टीमें बनाई गई हैं। पुलिस ने कहा है कि उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अनिल को ऑनलाइन सट्टेबाजी की लत थी और उसे इसमें भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। पैसे की भरपाई करने के लिए उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए एक बड़ी धोखाधड़ी की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि अनिल ने अपनी पत्नी, करीबी दोस्तों और जान-पहचान के लोगों के आधार और पैन कार्ड की जानकारी का इस्तेमाल करके 16 बैंक खाते खोले।

## पीएमएलए मामले में 526 करोड़ रुपये की जमा राशि पर लगा दी रोक

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म गेम्सक्राफ्ट के खिलाफ धन शोधन मामले में तलाशी अभियान पूरा करने के बाद 526 करोड़ की बैंक जमा राशि पर रोक लगा दी है और 3.5 करोड़ के सोने के आभूषणों के साथ 11 लाख नकद जब्त किए हैं। बेंगलुरु स्थित कंपनी के खिलाफ सात मई को दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र व बेंगलुरु में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। छापेमारी 13 मई को समाप्त हुई। ईडी ने कंपनी के तीन संस्थापकों दीपक, पृथ्वी राज और विकास को गिरफ्तार किया था।

### नीट पेपर लीक में बड़ी कार्रवाई

# 24 घंटे में 7 आरोपी दबोचे गए 5 आरोपियों के खिलाफ मिली

**पेपर सबसे पहले नासिक निवासी और आयुर्वेद के छात्र शुभम खैरनार को बेचा गया था**



जयपुर में आरोपी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले की जांच तेज करते हुए पिछले 24 घंटे में 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही अब तक इस हाई-प्रोफाइल मामले में कुल 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि मामले की व्यापक, निष्पक्ष और पेशेवर जांच जारी है तथा कई अन्य संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। सीबीआई के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला 12 मई को उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायत में नीट परीक्षा के कथित पेपर लीक का आरोप लगाया गया था।

**महाराष्ट्र से दो और आरोपी गिरफ्तार :** जांच एजेंसी के विशेष दलों द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अभियान के दौरान महाराष्ट्र से दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनंजय लोखंडा निवासी अहिल्यानगर और मनीषा वाघमारे निवासी पुणे के रूप में हुई है। दोनों की गिरफ्तारी पिछले 24 घंटों के दौरान की गई।

**जयपुर, गुरुग्राम और नासिक से पहले ही पकड़े जा चुके हैं पांच आरोपी:** इससे पहले बुधवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इनमें तीन आरोपी जयपुर, एक गुरुग्राम और एक नासिक से पकड़ा गया था। सभी पांचों आरोपियों को गुरुवार को दिल्ली की सक्षम अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 7 दिन की हिरासत में भेज दिया गया। रिमांड के दौरान आरोपियों से पेपर लीक नेटवर्क, आर्थिक लेनदेन, सॉल्वर गैंग और अन्य संभावित आरोपियों के संबंध में गहन पूछताछ की जाएगी।

### पतंजलि का शोध: अमेरिकी जर्नल ने स्वीकारा

## दालचीनी में छिपा है मधुमेह नियंत्रण का प्राकृतिक सूत्र



**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों की कई दिनों और रातों की मेहनत रंग लाई जो एक बार फिर वैश्विक स्तर पर चमक बिखेर रही है। पतंजलि के वैज्ञानिकों की ओर से दालचीनी को लेकर किए जा रहे अनुसंधान को अमेरिका के प्रसिद्ध जर्नल एल्सवियर के फूड रिसर्च इंटरनेशनल ने न केवल स्वीकार किया है अपितु इस बात पर भी मुहर लगा दी है कि दालचीनी में मिलने वाले जैव सक्रिय तत्व से मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी को भी नियंत्रित किया जा सकता है। यह शोध वैश्विक स्तर पर आयुर्वेद को जहां बड़ा बल देती है, वहीं, मधुमेह के इलाज में दालचीनी की भूमिका को लेकर इलाज के नये आयाम खोल देती है।यानि दालचीनी वायु व पित्त का हरण करके शुक्र और बल के रूप को बढ़ाने वाला होता है वैसे भी हम दालचीनी के गुणों को वर्षों से जानते और समझते आ रहे हैं लेकिन जो पतंजलि के वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ से वैश्विक स्तर पर निकलकर सामने आया है और जिसे विज्ञान ने अब मान्यता दे दी है, वह आयुर्वेद में मील का पत्थर साबित होगा।

### दिल्ली हाईकोर्ट में ईडी का दावा

## रॉबर्ट वाड्रा ने हलफनामे में झूठे व गलत तर्क पेश किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली हाई कोर्ट से गुरुवार को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को बड़ा झटका लगा। प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने गुरुवार को हाई कोर्ट को बताया कि वाड्रा ने अपने खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले का संज्ञान लेने वाले ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका में झूठे और गलत बयान दिए हैं।

**वाड्रा की दलील तथ्यात्मक रूप से भ्रामक**

ईडी की ओर से अधिवक्ता जोहेब हुसैन अदालत में पेश हुए और वाड्रा की उस दलील का विरोध किया, जिसमें कहा गया था कि जिन अपराधों का उन पर मूल मामले में आरोप लगाया गया है, उन्हें 2008 और 2012 के बीच कथित अपराध के घटित होने के बाद धन शोधन निवारण अधिनियम की अनुसूची में जोड़ा गया था। वाड्रा की यह दलील तथ्यात्मक रूप से गलत है।

### सबरीमाला रेफरेंस मामला

## सुप्रीम कोर्ट में पूरी हुई सुनवाई कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सबरीमाला रेफरेंस केस पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट की 9 जजों वाली संविधान पीठ ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस केस में 16 दिन की मैराथन सुनवाई हुई थी। यह मामला केवल सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश तक सीमित नहीं है, बल्कि देश में धार्मिक स्वतंत्रता, समानता और संवैधानिक अधिकारों की सीमा तय करने वाला बड़ा संवैधानिक विवाद बन चुका है।

**सीजेआई की बेंच ने की सुनवाई**

सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की बेंच ने की। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की बेंच ने ऐतिहासिक फैसला देते हुए सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक को असंवैधानिक बताया था। इसके खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं दायर हुईं, बाद में मामला बड़ी संविधान बेंच को भेजा गया।

## पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट : 3 की मौत 25 घायल, शवों के टुकड़े 25 फीट दूर गिरे

**देवास।** शहर से 20 किमी दूर एबी रोड स्थित टोंककलां ग्रामीण क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ, धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दीं। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गईं। गुरुवार सुबह 11 बजे लगभग हुए हादसे में 25 लोग घायल हुए। जिन्हें जिला नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। गंभीर घायलों को इंदौर के चौईथराम अस्पताल में रेफर किया गया। वहीं सामान्य घायलों को जिला अस्पताल देवास और अमलतास अस्पताल में भर्ती किया गया। मृतकों में धीरज पिता बग्गी राम पासवान (40) निवासी भवानीपुर थाना पुल्खा जिला अररिया (बिहार), सनी निवासी लखनऊ और सुमित निवासी गोखलपुर जिला अररिया बिहार शामिल है। अधिकांश मजदूर उत्तर प्रदेश और बिहार के रहने वाले हैं। विस्फोट की तीव्रता इतनी थी कि शवों के टुकड़े 20 से 25 फीट दूर तक जा गिरे। घटना के बाद प्रशासन ने फैक्ट्री को सील कर दिया। वहीं, पुलिस ने फैक्ट्री मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है।



## चिंतन

# मतदाता सूची शुद्ध है ये दिखना भी जरूरी

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत निष्पक्ष और भरोसेमंद चुनाव होते हैं। चुनाव तभी विश्वसनीय माने जाते हैं, जब मतदाता सूची पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और संदेह से परे हो। यही वजह है कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वास को मजबूत करने का अभियान है। अब जब आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में तीसरे चरण की घोषणा कर दी है, तो यह जरूरी हो जाता है कि मतदाता सूची न केवल शुद्ध हो, बल्कि जनता को यह स्पष्ट रूप से दिखे भी कि प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है। एसआईआर का तीसरा चरण 1 जुलाई से शुरू होगा। पिछले एसआईआर में मतदाता सूची को लेकर कई विवाद सामने आए। कर्नाटक में हजारों वोटर आईडी में मकान नंबर "0", "00", "77777" या "9999" दर्ज पाए गए। बिहार में भी करीब 2.92 लाख मतदाताओं के पते इसी तरह दर्ज होने का मामला सामने आया। विपक्ष ने इसे फर्जी मतदाताओं और चुनावी धांधली से जोड़कर सवाल उठाए। चुनाव आयोग ने सफाई दी कि बेघर, अनधिकृत कॉलोनियों या बिना नंबर वाले मकानों में रहने वाले लोगों को मतदाता सूची से बाहर न करने के लिए ऐसे "नोशनल नंबर" दिए जाते हैं। यह तर्क मानवीय और समावेशी जरूर है, लेकिन सवाल यह है कि यदि सत्यापन की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता से नहीं होगी तो संदेह की गुंजाइश बनी रहेगी। यदि मतदाता सूची में एक ही पते पर दर्जनों नाम दिखाई दें या हजारों घरों का नंबर "0" हो, तो आम मतदाता के मन में शंका पैदा होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि चुनाव आयोग को अब तकनीकी और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर सुधार की जरूरत है। आयोग द्वारा मकान नंबर की अनिवार्यता खत्म करने या नए फॉर्मेट पर विचार करना एक सकारात्मक कदम हो सकता है, लेकिन इसके साथ मजबूत ग्राउंड वेरिफिकेशन और जवाबदेही भी जरूरी होगी। तीसरे चरण में 3.94 लाख बीएलओ और 3.42 लाख बीएलए को लगाया गया है, जो घर-घर जाकर लगभग 36.73 करोड़ मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। बीएलओ द्वारा की गई एंट्री का डिजिटल ऑडिट, जीपीएस आधारित सत्यापन और राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। एसआईआर में पिछली जो गलतियां सामने आई, उन्हें भी इस बार ठीक करना होगा। वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा उठाए गए सवालों को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाए। बीएलओ और अन्य कर्मचारियों को भी सुरक्षा देना प्राथमिकता होना चाहिए ताकि वे निष्पक्षता से काम कर सकें। इसके अलावा गर्मी का मौसम भी चुनौती बढ़ा सकता है। विपक्ष के आरोपों, सुप्रीम कोर्ट के सवालों और चुनाव आयोग के जवाबों के बीच राजनीतिक टकराव भी तेज हुआ है। इस मुद्दे को केवल राजनीतिक लाभ-हानि के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। मतदाता सूची किसी एक दल की नहीं, पूरे लोकतंत्र की नींव है। हालांकि पिछली बार पश्चिम बंगाल को छोड़ दें तो बाकी राज्यों में कोई ज्यादा दिक्कत नहीं है। अगले साल मणिपुर, उत्तराखंड, पंजाब, यूपी और गुजरात में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। अंततः, एसआईआर केवल मतदाता सूची सुधारने की कवायद नहीं, बल्कि लोकतंत्र में जनता के विश्वास की परीक्षा भी है। चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र मतदाता वंचित न रहे और कोई भी फर्जी नाम सूची में न बचे। मतदाता सूची शुद्ध होना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी यह दिखना भी है कि प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और भरोसेमंद है। यही लोकतंत्र की असली मजबूती होगी।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

# ईरान-अमेरिका युद्ध में तेल की बर्बादी

**अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।**

अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलाइनों में पानी-गैस भर जाती है।

इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है। तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिशत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार गृह हैं। तेल की यह बर्बादी पश्चिम एशिया के देशों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता से अपील करनी पड़ी है कि इस संकट के दौरान पेट्रोल, डीजल, गैस और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों का उपयोग कम से कम करें। यूरोपियन स्पेस एजेंसी के सेंटीनल सैटेलाइट डेटा और अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खरास की खाड़ी एवं होर्मुज स्ट्रेट के आसपास समुद्री पानी की सतह पर तेल की परतें देखी गई हैं। ये परतें कुवैत के लावन द्वीप, केशम द्वीप और खार्ग द्वीप के समुद्र में बड़े-बड़े धब्बों के आकार में देखी गई हैं। इनमें से एक धब्बा करीब 120 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विशेषज्ञों ने रडार डेटा की मदद से इसका विश्लेषण करते हुए कहा है कि सतह पर तैरता तेल लहरों को शांत कर देता है, जिससे रडार से ली गई तस्वीरों में काले और चिकने धब्बे दिखाई देते हैं। इस कारण यह आशंका बनी है कि ईरान समुद्र में तेल बर्बाद कर रहा है। यदि यह तेल लगातार छोड़ा जाता रहा तो इससे समुद्री जीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। फारस की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरे, कोरल रीफ और अन्य समुद्री जीव रहते हैं, जिन पर लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। यह तेल मछलियों के लिए जहर का काम कर सकता है। समुद्री पक्षियों को नुकसान पहुंचाता है और संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर देता है। ऐसे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और अनेक समुद्री जीव बेमौत मर जाते हैं। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में पेश आ रही है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर ढा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर तेल की इस बर्बादी से पहले पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए थे। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई थी। एक बड़े गैस टैंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है और एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे



जा सकते हैं। पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। तेल के रिसाव, तेल टैंकों के टूटने व धोने से भी समुद्र का पर्यावरणीय पारिस्थितिकी-तंत्र (इकोसिस्टम) प्रभावित हो रहा है। कुछ साल पहले जापान में टोकियों के तट पर 317 किमी की पट्टी पर तेल के फैलाव से जापान के तटवर्ती शहरों में हाहाकार मच गया था। रूस में बेलाय नदी के किनारे बिछी तेल पाइप लाइन से 150 मीट्रिक टन के रिसाव ने यूराल पर्वत पर बसे ग्रामवासियों को पेय जल का संकट खड़ा कर दिया था। सैनजुआन जहाज के कोरल चट्टानों से टकरा जाने के कारण अटलांटिक तट पर करीब तीस लाख लीटर तेल का रिसाव होने से समुद्री जीव प्रभावित हुए थे। मुंबई हाई से लगभग 1600 मीट्रिक टन तेल का रिसाव हुआ। इसी तरह बंगाल की खाड़ी में क्षतिग्रस्त तेल से फैले टैंकर ने निकोबार द्वीप समूह में तबाही मचा दी थी। जिससे यहां रहने वाली जनजातियों और समुद्री जीवों को भारी हानि हुई थी। लाइबेरिया के एक टैंकर से 85000 मीट्रिक टन रिसे तेल ने स्कॉटलैण्ड में पक्षी-समूहों को बड़ी तादात में हानि पहुंचाई दी थी। सबसे भयंकर तेल का फैलाव यूएसए के अलास्का में हुआ था। यह रिसाव प्रिंस विलियम साउण्ड टैंकर से हुआ था। इस तेल के फैलाव का असर छह माह तक रहा। इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में 35000 पक्षी, 10000 ओस्टर शेलफिस और 15 व्हेल मछली मर गईं थीं। बावजूद इस घटना का असर इराक युद्ध में सद्दाम हुसैन द्वारा समुद्र में छोड़े तेल से कम था। यह तेल इसलिए छोड़ा गया था कि कहीं यह अमेरिका के हाथ न लग जाए। अमेरिका द्वारा इराक के तेल टैंकरों पर की गई बमबारी से भी लाखों टन तेल समुद्री सतह पर फैला था। एक अनुमान के मुताबिक इस कच्चे तेल की मात्रा 110 लाख बैरल थी। इस तेल के बहाव ने फारस की खाड़ी में घुसकर जीव जगत के लिए भारी हानि पहुंचाई थी। इस प्रदूषण का असर मिट्टी, पानी और हवा तीनों पर पड़ा था। जानकारों का मानना है कि इराक युद्ध का पर्यावरण पर पड़ा दुष्प्रभाव हिरोशिमा-नागासाकी पर हुए परमाणु हमले, भोपाल गैस त्रासदी और चेरनोबिल दुर्घटना से भी ज्यादा था। इस कारण इराक का एक क्षेत्र जहरीले रेगिस्तान में तब्दील हो गया और वहां महामारी का प्रकोप भी अर्से तक रहा। समुद्री सतह पर ये तरल द्रव्य बड़ी मात्रा में फैलते हैं तो इससे जल की सतह पर एक मोटी परत बन जाती है,सूर्य की रोशनी और ऑक्सीजन को नीचे जाने में बाधा बन जाती है। इससे जल के भीतर स्वाभाविक रूप में जीवन व्यतीत कर रहे जीव दम घुटने से मर जाते हैं। जो जीव किसी कारण से बचे भी रहते हैं,उनकी प्रजनन क्षमता बुरी तरह प्रभावित हो जाती है। तेल के कुओं और भंडार गृहों में आग लगने से तीव्र एवं जहरीली रोशनी निकलती है। यह रोशनी मधुमक्खियों जैसे परा-गणकों को प्रभावित कर उनके जीवन चक्र को बाधित कर देती है। समुद्र में जल रहा तेल पृथ्वी का ऊर्जा संतुलन तेजी से बिगाड़ने का काम कर रहा है। इससे भविष्य में वैश्विक जलवायु आपातकाल की स्थिति निर्मित हो रही है। ऊर्जा असंतुलन बढ़ता रहा तो वायुमंडल का तापमान गरम होगा, जो एक साथ पृथ्वी,वायु और पानी की नमी को सोखने का काम करेगा। यह हिमनदों के बड़ी मात्रा में पिघलने का कारण बनने के साथ भारी बारिश का सबब बनेगा। जंगलों में आग लगने की घटनाएं बड़ी संख्या में देखने में आएंगी। मध्य एशिया में जल रहा यह तेल हिंद महासागर के तापमान को अप्रत्याशित रूप में बढ़ाएगा। इसका सीधा प्रभाव मौसम चक्र पर पड़ेगा। परिणाम स्वरूप अतिवृष्टि, अनावृष्टि, बाढ़, धूल भरे अंधड़ की घटनाएं कालांतर में देखने को मिल सकती हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



जम्मू कश्मीर राज्य में त्रिकुटा पहाड़ियों में समुद्रतल से 15 किमी की ऊंचाई पर स्थित माता वैष्णोदेवी मंदिर भारत के प्रसिद्ध चमत्कारी मंदिर में से एक है, जो हिंदू धर्म के लोगों के लिए आध्यात्मिकता और श्रद्धा से भरपूर है। इतनी कठिनाई पर स्थित होने के बावजूद भी यहां हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन और फरियादे लेकर आते है। वैष्णो देवी एक धार्मिक ट्रेकिंग डेस्टिनेशन है।

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
**दर्शन**

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं।

## आइसक्रीम की एक डिश



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पूछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम कितने रुपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपए का । यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकाला और हिसाब किया । उसने दूबारा पूछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम कितने का है। वेटर ने दूबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपए का सर। यह सुनने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर आइसक्रीम ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चला गया। जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था। उस लड़के के पास 50 रुपए होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न कि अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारा ध्यान कभी दूसरो के भलाई की और नहीं जाता। हम पहले अपनी भलाई में ही लगे रहते हैं।




संदेश
डॉ. कविता सिंधु खरीटा

# पीएम का आह्वान आत्मनिर्भर भारत की ओर जागरूक कदम

आज का समय केवल विकास की दौड़ का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित को समझने का समय है। वैश्विक परिस्थितियों, आर्थिक प्रतिस्पर्धा और बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया "राष्ट्रहित का आह्वान" केवल एक राजनीतिक संदेश नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लिए जिम्मेदारी का संदेश है। यह आह्वान हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं होता, बल्कि आम नागरिकों की छोटी-छोटी आदतों और निर्णयों से भी होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार "वोकल फॉर लोकल", "मेक इन इंडिया" और "आत्मनिर्भर भारत" जैसे अभियानों के माध्यम से देशवासियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी निर्भरता कम करने का संदेश दिया है। उनका मानना है कि जब भारत का नागरिक अपने ही देश में बने उत्पादों पर विश्वास करेगा, तभी भारत आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेगा। यह केवल व्यापार का विषय नहीं, बल्कि देश के करोड़ों किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ प्रश्न है। भारत जैसे विशाल देश में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में थोड़ी जागरूकता दिखाए, तो इसका प्रभाव पूरे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, यदि हम स्थानीय उत्पाद खरीदते हैं, तो उससे छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और देश का पैसा देश में ही रहता है। इसके विपरीत विदेशी वस्तुओं पर अत्यधिक निर्भरता देश की आर्थिक शक्ति को कमजोर करती है। प्रधानमंत्री का यह आह्वान केवल आर्थिक दृष्टि से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत आवश्यक है। भारतीय संस्कृति सदैव आत्मसम्मान, श्रम और स्वदेशी भावना को महत्व देती रही है। महात्मा गांधी ने भी स्वदेशी आंदोलन के माध्यम से यही संदेश दिया था कि आत्मनिर्भरता ही सच्ची स्वतंत्रता का आधार है। आज वही भावना आधुनिक रूप में फिर से देश के सामने प्रस्तुत की जा रही है। हालांकि केवल सरकार के प्रयास पर्याप्त नहीं होते। नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। हमें यह विचार करना होगा कि क्या हम अपने निर्णयों से देशहित को प्राथमिकता दे रहे हैं? क्या हम पर्यावरण, स्थानीय रोजगार और भारतीय उद्योगों के प्रति संवेदनशील हैं? यदि प्रत्येक नागरिक इन प्रश्नों पर गंभीरता से विचार करे, तो भारत को विश्व शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज आवश्यकता केवल नारों की नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन की है। राष्ट्रहित का अर्थ केवल सीमा पर देश की रक्षा करना नहीं, बल्कि अपने दैनिक जीवन में ऐसे निर्णय लेना भी है जो देश को मजबूत बनाएं। स्वदेशी अपनाना, स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देना, संसाधनों का संयमित उपयोग करना और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना ,यही सच्चा राष्ट्रधर्म है। अंततः प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रहित आह्वान हमें यह सिखाता है कि देश का भविष्य केवल नीतियों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सोच और सहभागिता से तय होता है। यदि भारत का हर नागरिक राष्ट्रहित को अपने व्यक्तिगत हित से ऊपर रखना सीख जाए, तो आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का सपना अवश्य साकार होगा।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों की पहली शिक्षक होती है मां

मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी अनुभूति है। संसार में बच्चे की पहली पहचान, पहला स्पर्श, पहला भरोसा और पहली शिक्षा मां से ही शुरू होती है। किसी भी समाज की सभ्यता और संवेदनशीलता इस बात से आंकी जा सकती है कि वहां मातृत्व को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। आधुनिक समय में भले ही शिक्षा के बड़े-बड़े संस्थान, डिजिटल तकनीक और करियर की दौड़ ने जीवन की दिशा बदल दी हो, लेकिन आज भी यह सत्य उतना ही मजबूत है कि बच्चे की पहली शिक्षक उसकी मां ही होती है। बच्चा जब जन्म लेता है, तब वह इस दुनिया की भाषा नहीं जानता।

- राधिका शुक्ला, अंबाला

## करंट अफेयर

### भारत ने आतंकी शेरा के प्रत्यर्पण पर पुर्तगाल का जताया आभार



**लिस्बन।** भारत ने मादक पदार्थ से संबद्ध वांछित आतंकवादी इकबाल सिंह उर्फ शेरा के पुर्तगाल से प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए वहां की सरकार और उसकी एजेंसियों का आभार व्यक्त किया है। बुधवार को, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पुर्तगाल से सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुर्तगाल से दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचते ही एनआईए के एक दल ने उसे हिरासत में ले लिया। वह 2020 में फरार हो गया था और पुर्तगाल चला गया था। लिस्बन स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, /"लिस्बन में भारत का दूतावास इकबाल सिंह के भारत प्रत्यर्पण में समर्थन और सहयोग के लिए पुर्तगाली अधिकारियों को धन्यवाद देता है।/" दूतावास द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि पुर्तगाल से इकबाल सिंह उर्फ शेरा को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पण के बाद भारत लाया गया है। सिंह पर मादक पदार्थ तस्करी और आतंकवाद के लिए वित्तपोषण करने सहित कई गंभीर अपराधों के आरोप हैं। अब भारत में उस पर मुकदमा चलाया जाएगा। बयान में कहा गया, /"भारत सरकार इकबाल सिंह के सफल प्रत्यर्पण में सहयोग और समर्थन के लिए पुर्तगाल सरकार और उसकी एजेंसियों को धन्यवाद देती है।

## ऑफ बीट

### क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है



डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है: यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है: रासायनिक सॉल्वैंट्स, तरल कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2), या विशेष फिल्टर वाला सादा पानी। इन सभी प्रसंस्करण विधियों में आवश्यक अतिरिक्त कदमों के कारण डिकैफ़ कॉफ़ी अक्सर अधिक महंगी होती है। अधिकांश डिकैफ़ कॉफ़ी विलायक–आधारित तरीकों का उपयोग करके बनाई जाती है क्योंकि यह सबसे सस्ती प्रक्रिया है। यह विधि दो और प्रकारों में विभाजित है: प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष। प्रत्यक्ष विधि में कॉफ़ी बीन्स को भाप में पकाना और फिर उन्हें बार–बार एक रासायनिक विलायक (आमतौर पर मेथिलीन क्लोराइड या एथिल एसीटेट) में भिगोना शामिल है जो कैफीन से बंध जाता है और इसे बीन्स से निकालता है।

## X ट्रेंड f

### राहुल की विदेश यात्रा



2004 से 2026 के बीच राहुल गांधी की 54 विदेश यात्राओं पर लगभग 60 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि घोषित आय 11 करोड़ रुपये है। यदि यह खर्च विदेशी स्रोतों से हुआ है, तो एफसीआरए की अनुमति कहां है? यदि यह निजी स्रोतों से हुआ है, तो इसका उल्लेख कर रिटर्न में क्यों नहीं है?
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### आरक्षित वन घोषित



दिल्ली के सेंट्रल रिज के 673.32 हेक्टेयर क्षेत्र को आरक्षित वन घोषित कर दिया है। यह निर्णय जैव विविधता के संरक्षण, पर्यावरणीय लचीलेपन में सुधार और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने में सहायक होगा।
**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### अनावश्यक खर्चों से परहेज



मैं पिछले तीन वर्षों से इलेक्ट्रिक वाहन का उपयोग कर रहा हूं, जिसमें डीजल या पेट्रोल का उपयोग नहीं होता है। हमने हमेशा अनावश्यक खर्चों से परहेज किया है, और यही कारण है कि हमारा राज्य आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है।
**-सुखविंदर सिंह सुखु, सीएम, हिमाचल प्रदेश**

### जनता के पास अवसर



हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी ने तीन साल पहले जनता को झूठे वादे देकर सरकार बनाई थी, लेकिन आज तक वे वादे पूरे नहीं हुए हैं। इन चुनावों में जनता के पास सबक सिखाने का सुनहरा अवसर है।
**-अनुराग ठाकुर,** सांसद, भाजपा

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### सिंधू और लक्ष्य थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे।

### निशानेबाजी: सौरभ और साक्षी ने स्वर्ण पदक जीते

**भोपाल।** रेलवे के सौरभ चौधरी और महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पाडेकर ने बृहस्पतिवार को 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में क्रमशः पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा के खिताब अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता नयी दिल्ली की डा कर्णी सिंह शूटिंग रेंज और भोपाल में मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी में आयोजित की जा रही है। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल आईएसएसएफ स्पर्धा में सौरभ चौधरी ने फाइनल में 242.8 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश के गौरव ने 240.7 अंक के साथ रजत पदक जबकि दिल्ली के हार्दिक बंसल ने 219.3 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन्स स्पर्धा में महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पाडेकर ने फाइनल में 357.7 अंक हासिल कर स्वर्ण पदक जीता।

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदकों से चमके अजीत



**गांधीनगर।** अजीत नारायण ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क और समग्र दोनों में कांस्य पदक जीते जिससे भारत ने एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एशिया के बेहतरीन भारोत्तोलकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अजीत ने संयम दिखाते हुए क्लीन एवं जर्क में 174 किग्रा और कुल 314 किग्रा का वजन उठाया जिससे भारत को पोडियम में स्थान मिला। इस वर्ग का स्वर्ण पदक कोरिया के वोन जू रि (351 किग्रा) को मिला जबकि चीन के जियान चेन ने 335 किग्रा के वजन से रजत पदक हासिल किया। इस तरह अजीत चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय हैं।

## आखिरी 18 गेंदों में 50 रन नहीं बचा सके किंग्स के गेंदबाज

# तिलक के अर्धशतक से मुंबई ने पंजाब को छह विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धर्मशाला

- वर्मा नाबाद 75 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच बने
- किंग्स लगातार पांचवां मैच हारी

शारदुल ठाकुर की धारदार गेंदबाजी बाद तिलक वर्मा के तूफानी अर्धशतक से मुंबई इंडियन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां पंजाब किंग्स को छह विकेट से हरा दिया जो मेजबान टीम की लगातार पांचवीं हार है। पंजाब के 201 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई की टीम ने तिलक वर्मा (75 रन, 33 गेंद, छह चौके, छह छक्के) के तेजतर्रार अर्धशतक और विल जैक्स (10 गेंद में नाबाद 25, दो चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 20 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 205 रन बनाकर जीत दर्ज की। सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन (48) ने भी उम्दा पारी खेली। तिलक ने शेरफेन रदरफोर्ड (20) के साथ भी चौथे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। इससे पहले सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (57 रन, 32 गेंद, छह चौके, चार छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा प्रियांश आर्य (22) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और कूपर कोनोली (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़कर पंजाब को ठोस मंच प्रदान किया लेकिन शारदुल (39 रन पर चार विकेट) ने बीच के ओवरों में मुंबई को जोरदार वापसी दिलाई।



### पंजाब-200/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश आर्य बो चाहर | 22 |
| प्रभसिमरन का बॉश बो शारदुल | 57 |
| कूपर कोनोली बो बावा | 21 |
| श्रेयस अय्यर बो शारदुल | 04 |
| सूर्यांश शेडगे का बावा बो शारदुल | 08 |
| शशांक सिंह पगबाधा बो बॉश | 02 |
| अजमतुल्लाह का जैक्स बो चाहर | 38 |
| मार्को यानसेन बो शारदुल | 02 |
| विष्णु विनोद नाबाद | 15 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 18 |

अतिरिक्त: 13
कुल:20 ओवर में 8 विकेट पर: 200 रन
विकेट पतन: 1-50, 2-107, 3-111, 4-111, 5-123, 6-135, 7-140, 8-166
गेंदबाजी: चाहर 4-0-36-2, बुमराह 4-0-35-0, शारदुल 4-0-39-4, बॉश 4-0-42-1, रघु 2-0-22-0, जैक्स 1-0-9-0, बावा 1-0-11-1

### मुंबई-205/4 (19.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रिकेल्टन का प्रियांश बो उमरजई | 48 |
| रोहित शर्मा बो चहल | 25 |
| नमन का अर्शदीप बो यानसेन | 09 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 75 |
| शेरफेन का बार्टलेट बो उमरजई | 20 |
| विल जैक्स नाबाद | 25 |

अतिरिक्त: 03
कुल:19.5 ओवर में चार विकेट पर: 205 रन
विकेट पतन: 1-61, 2-81, 3-88, 4-149
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-29-0, उमरजई 4-0-36-2, यानसेन 4-0-55-1, बार्टलेट 3.5-0-53-0, चहल 4-0-32-1

### एलएसजी की सीएसके से भिड़ंत आज

**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 59वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना चेन्नई सुपरकिंग्स से आज 15 मई को होगा। इस सीजन में एलएसजी ने 11 में से अपने 3 मैच जीते हैं और 8 में शिकस्त झेली है। वहीं, सीएसके ने 11 में से अपने 6 मुकाबले जीते हैं और 5 में हार का सामना किया है। बता दें कि सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब तक फिटनेस कारणों से कोई मैच नहीं खेल सके हैं। उनके अगले मैच में भी खेलने की उम्मीद नहीं है। वहीं, जेमी ओवरटन भी चोटिल हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में डियान फॉरेस्टर को मौका मिला है।वहीं दूसरी ओर एलएसजी की टीम प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। ऐसे में पंत की कप्तानी वाली टीम अपने बचे हुए मैचों को जीतना चाहेगी। एलएसजी के प्रमुख बल्लेबाज एडेन मार्करम इस सीजन में नाम के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।

## एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता: देश के खिलाड़ियों ने 27 पदक जीते



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एशियन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारत खिलाड़ियों ने अंडर-15 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण, 6 रजत और 12 कांस्य सहित 27 पदक जीते और अंडर-15 लड़कियों की पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक जीते। यह प्रतियोगिता उज्बेकिस्तान में 16 मई तक आयोजित की जाएगी। अंडर-15 लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक जीते, जबकि अंडर-15 लड़कों ने 2 स्वर्ण, 4 रजत और 7 कांस्य पदक का योगदान दिया। 33 किलोग्राम वर्ग में अक्षिता को ओडिना युसुपोवा से हार गई और रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एंजी (37 किलोग्राम) ने नूरजानत बेकनाजर (कजाकिस्तान) पर 5-0 की शानदार जीत के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि सोनिया (40 किलोग्राम) ने बोमिनाखोन (उज्बेकिस्तान) के खिलाफ 5-0 जीत दर्ज करके स्वर्ण पदक जीता। 43 किलोग्राम वर्ग में तन्वी ने हान-हसी चेन के खिलाफ जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता। वहीं 58 किलोग्राम वर्ग में सुनैना ने मुकद्दस जोकिरोवा को हराया। भूमिका (61 किलोग्राम) ने दूसरे दौर में ऐयारू फैजुल्लायेवा (कजाकिस्तान) के खिलाफ आरएससी जीत के साथ एक ओर स्वर्ण पदक जीता। 64 किलोग्राम वर्ग में, तन्वी ने मलिका उलुगबेकोवा (उज्बेकिस्तान) से 0:5 से हारकर रजत पदक जीता। 70 किलोग्राम वर्ग में एंजेल ने खोंजोदाबेगिम बारातोवा (उज्बेकिस्तान) को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीतकर लड़कियों के अभियान का शानदार समापन किया। अंडर-15 लड़कों ने भारत के खाते में दो स्वर्ण पदक जोड़े। यश कुमार (33 कि.ग्रा.) ने कजाकिस्तान के सायात रखिमबेर्दी को कड़े मुकाबले में 3-2 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मोहम्मद यासर (58 कि.ग्रा.) ने उज्बेकिस्तान के अब्दुल्लोह करीमजोनोव को करीबी मुकाबले में 3-2 से हराकर दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। वसंत अशोक कुमार (37 कि.ग्रा.) को फायोजबेक नोरालिएव से 0-5 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि भारत द्वारा जीते गए पदकों में हरियाणा के खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा। हमारे खिलाड़ियों की तकनीक और रिंग में उनका साहस विश्व स्तरीय है। अंडर-15 लड़कियों की पदक तालिका में भारत का शीर्ष स्थान हासिल करना महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमारी बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराकर दिखा दिया है कि उनमें विश्व चैंपियन बनने की पूरी क्षमता है। इस जीत का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ उनके कोचों और हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उस रोडमैप को जाता है, जिसके तहत हमने जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को तराशने का काम किया है।



## यशस्वी-शेफाली डोप टेस्ट में रहे अनुपस्थित, मिला नोटिस



- नाडा की सुनवाई समिति के समक्ष अपना बचाव नहीं रखने पर होगी कार्रवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज शेफाली वर्मा को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा पहली बार डोप टेस्ट में अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी किया गया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, यह नोटिस डोप टेस्ट के लिए निर्धारित स्थानों पर न पहुंचने और अपने ठिकाने की जानकारी न देने के नियम के तहत जारी किए गए हैं।

### दोनों को दिया गया स्पष्टीकरण का मौका

रिपोर्ट के अनुसार, नाडा ने दोनों खिलाड़ियों को स्पष्टीकरण देने का अवसर दिया गया है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को भी इसकी जानकारी दी है। यह नोटिस नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल इन दोनों क्रिकेटरों के लिए पहली बार दर्ज किए गए ठिकाने संबंधी विफलताओं को दर्शाते हैं। ऐसे में अब इन दोनों खिलाड़ियों को इस असफलता का स्पष्टीकरण देना होगा और उसके बाद उन्हें दोबारा जांच के लिए बुलाया जाएगा।

### दोनों ही खिलाड़ियों ने नहीं दिया कोई जवाब

*रिपोर्ट के अनुसार, नाडा ने 18 और 20 फरवरी को दोनों खिलाड़ियों से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन जवाब नहीं दिया। एक बार टेस्ट न देने से डोपिंग नियमों का उल्लंघन नहीं माना जाता। हालांकि, 12 महीने की अवधि में 3 बार टेस्ट न देने पर डोपिंग नियमों का उल्लंघन हो सकता है। यदि कोई खिलाड़ी नाडा की सुनवाई समिति के समक्ष अपना बचाव नहीं कर पाता है तो उसे 2 साल तक के लिए निलंबित किया जा सकता है।*

### क्या है डोप टेस्ट से संबंधित नियम?

*नाडा के पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल एथलीटों को डोपिंग टेस्ट के लिए निर्धारित समय और स्थान बताना अनिवार्य है। डोपिंग नियंत्रण अधिकारी घोषित अवधि में नमूने एकत्र करने के लिए आ सकता है और निर्धारित स्थान पर उपस्थित न होने पर डोपिंग विरोधी नियमों के तहत टेस्ट छूट सकता है। नोटिस के अनुसार, डीसीओ ने 17 दिसंबर को यशस्वी और 7 नवंबर को शेफाली का टेस्ट निर्धारित किया था, लेकिन दोनों ही बताए गए स्थान पर नहीं मिले।*

## ओवरटन की जगह सीएसके में शामिल हुए डियान फॉरेस्टर

**मुंबई।** चेन्नई सुपरकिंग्स के ऑलराउंडर जेमी ओवरटन इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह पर सीएसके ने दक्षिण अफ्रीका के डियान फॉरेस्टर को अपने साथ शामिल किया है। फॉरेस्टर पहली बार इस लीग के लिए चुने गए हैं। सीएसके ने गुरुवार 14 मई को आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है। ज्ञात हो कि ओवरटन दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण इंग्लैंड लौट चुके हैं। आईपीएल 2026 में ओवरटन ने 13 मुकाबले खेले हैं और इसकी 13 पारियों में 23.71 की औसत से 14 विकेट अपने नाम किए। उनकी इकॉनमी रेट 9.76 की रही। इस खिलाड़ी ने एक बार 4 विकेट हॉल भी लिया है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/18 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 8 पारियों में 37.75 की औसत और 162.36 की उम्दा स्ट्राइक रेट से 151 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 43* रन रहा है।

Government of Haryana

HARYANA STATE COUNCIL FOR SCIENCE, INNOVATION & TECHNOLOGY

Invites Nominations For

| HARYANA VIGYAN RATNA AWARDS | HARYANA YUVA VIGYAN RATNA AWARDS |
|---|---|
| For Calendar Year 2026 | |
| Cash Prize of Rs 5 lakh, Citation & Trophy | Cash Prize of Rs 1 lakh, Citation & Trophy |
| For Eminent Scientists above 40 years of age | For Eminent Scientists below 40 years of age |

FOR THEIR OUTSTANDING CONTRIBUTION
IN THE FIELD OF SCIENCE & TECHNOLOGY

- This scheme is open for Scientists who have worked and/or educated in Haryana State for ten years or more OR be in possession of a valid Haryana Resident Certificate.
- The cut-off date for determining the age of 40 years for nominations of Haryana Yuva Vigyan Ratna Awards is 31st December, 2026.
- Only fresh nominations will be entertained.
- Self-nominations will not be entertained under any circumstances.

For detailed guidelines please refer to our website
http://dst.highereduhry.ac.in

The nominations should reach the Council's office by July 31, 2026

Expanding Horizons of Science

DIRECTORATE OF SCIENCE & TECHNOLOGY,
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION, HARYANA
Bays 35-38, Sector – 2, Panchkula – 134112
Phone: 0172-25630339, 2561339, 2563439, Fax No. 0172-2560018
Website: www.dst.highereduhry.ac.in, email: dsthry@gmail.com

Information, Public Relations & Languages Department, Haryana
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## जिम्बाब्वे में बना रिकॉर्ड, 50 ओवर में कूट दिए 822 रन

### जिम्बाब्वे के एक घरेलू टूर्नामेंट में देखने मिला ऐतिहासिक मुकाबला

एजेंसी ⏭ जिम्बाब्वे



जहां एक ओर दुनिया के सभी क्रिकेट फैंस की नजरें आईपीएल 2026 के प्लेऑफ रेस पर टिकी हुई हैं। वहीं, दूसरी ओर जिम्बाब्वे क्रिकेट में कुछ ऐसा हो गया, जो इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। दरअसल, जिम्बाब्वे में एक घरेलू टूर्नामेंट के मैच में रनों की बारिश देखने को मिली। एक टीम ने 50 ओवर के मैच में 822 रन ठोक दिए। आमतौर पर 50 ओवर के मैच में 300-350 रन अच्छा स्कोर होता है, जिसे डिफेंड किया जा सकता है। हालांकि यह टूर्नामेंट ऑफिशियल लिस्ट-ए प्रतियोगिता नहीं है। इसकी वजह से ये हैरान कर देने वाले आंकड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज नहीं होंगे। यह ऐतिहासिक कारनामा जिम्बाब्वे के मास्विंगो 50 ओवर फर्स्ट लीग में देखने को मिला।

### एक पारी में ऐसे बने 822 रन....

मास्विंगो 50 ओवर फर्स्ट लीग 2025-26 में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब और मीथेन लायंस के बीच मैच खेला गया था। इस मुकाबले में स्कॉर्पियंस क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 822 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें तकुंडा मडम्बो ने 143 गेंद पर 302 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसके बाद वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौट गए। उनके अलावा विनफेड मटेंडे ने सिर्फ 75 गेंद 203 रनों की आतिशी पारी खेली।





## अमेरिकी राष्ट्रपति का सैकड़ों स्कूली बच्चे ने स्वागत किया, चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग से मिले ट्रंप, बोले

# यूएस-चीन संबंध साझेदारी नहीं वैश्विक शक्ति के संतुलन की रीढ़

- पार्टनर बनें, कॉम्पटीटर नहीं, ट्रेड वॉर में कोई नहीं जीतता : शी
- अमेरिकी राष्ट्रपति बोले-आपसे दोस्ती सम्मान की बात

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में जिनपिंग ने ट्रम्प का स्वागत किया। इस दौरान ट्रम्प को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया। दोनों नेताओं के बीच 2 घंटे बैठक चली। बैठक की शुरुआत में जिनपिंग ने कहा कि पूरी दुनिया इस बैठक पर नजर लगाए हुए है। उन्होंने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और अमेरिका-चीन रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम हैं। जिनपिंग ने कहा कि दोनों देशों को प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि पार्टनर बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि बार-बार साबित हुआ है कि ट्रेड वॉर में कोई विजेता नहीं होता। चीन-अमेरिका आर्थिक संबंधों का आधार आपसी लाभ और विन-विन सहयोग है। वहीं ट्रम्प ने जिनपिंग की तारीफ करते हुए कहा, "आपका दोस्त होना सम्मान की बात है।" ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी नेताओं को अपने साथ लेकर चीन आए हैं।

ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में ट्रम्प का गार्ड ऑफ ऑनर के साथ स्वागत



### शी 24 सितंबर को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे

दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि दुनिया की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलना जरूरी है। शी जिनपिंग ने इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों पर किसी भी तरह का टैक्स या टोल लगाने का विरोध किया है। चीन ने अमेरिका से ज्यादा तेल खरीदने की रुचि दिखाई है। चीन चाहता है कि भविष्य में खाड़ी देशों के तेल पर उसकी निर्भरता कम हो जाए। ट्रंप ने घोषणा की कि उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग आगामी 24 सितंबर को व्हाइट हाउस का दौरा करेंगे।

### अमेरिका-चीन में 9 लाख करोड़ की डील संभव

इस दौरे की सबसे बड़ी चर्चा बोइंग विमान डील को लेकर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन अमेरिकी कंपनी बोइंग से करीब 9 लाख करोड़ रुपए के विमानों की खरीद का बड़ा समझौता कर सकता है। अगर यह डील होती है तो यह दुनिया की सबसे बड़ी एविएशन डील्स में शामिल हो सकती है। बैठक में व्यापार, टैरिफ, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ताइवान जैसे मुद्दों पर भी बातचीत होगी।

### भाजपा का राहुल पर निशाना, 22 साल में 54 बार गए विदेश

## राहुल के विदेश दौरे पर 60 करोड़ खर्च, पिछले दस सालों में कमाई सिर्फ 11 करोड़ रुपयेः पात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भाजपा नेता संबित पात्रा ने राजधानी दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गुरुवार को इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने राहुल गांधी के चुनावी हलफनामे (फॉर्म-26) का हवाला देते हुए बताया कि विगत 10 असेसमेंट ईयर में उनकी कुल घोषित आय 11 करोड़ रुपये रही है। इसके विपरीत उनके विदेश दौरों का खर्च 60 करोड़ रुपये बैठता है। बीजेपी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अपनी कमाई से कई गुना अधिक पैसा विदेश यात्राओं पर खर्च कर रहे हैं। पात्रा ने पूछा कि यदि आय सीमित है तो इस भारी-भरकम खर्च की फंडिंग कौन कर रहा है और क्या इसमें किसी विदेशी स्रोत का हाथ है। बीजेपी नेता पात्रा ने गुरुवार को प्रेस कान्फ्रेंस लेकर इस मामले में जानकारी दी। पात्रा के अनुसार, राहुल गांधी ने साल 2004 से 2026 तक कुल 54 व्यक्तिगत विदेश यात्राएं की हैं। इसके अलावा, वह 3 मई को बिना जानकारी के मस्कट, ओमान भी गए थे, जिसकी फुटेज सोशल मीडिया पर मौजूद है। इधर, कांग्रेस ने भी प्रधानमंत्री मोदी के पिछले 12 साल में 76 देशों के 96 दौरों की लिस्ट जारी की है।

## ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# चुनौतीपूर्ण वैश्विक हालातों के बीच ब्रिक्स पर टिकी दुनिया की नजर, वैश्विक स्थिरता के लिए 'अहम'

दुनिया में बहुपक्षीय सहयोग और कूटनीतिक संवाद जरूरी

उभरते बाजारों और विकासशील देशों को ब्रिक्स से उम्मीद

विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि उभरते बाजारों और विकासशील देशों की उम्मीदें ब्रिक्स से बढ़ी हैं और संगठन से वैश्विक स्थिरता में रचनात्मक और संतुलनकारी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है



बैठक को संबोधित करते जयशंकर



पीएम मोदी के साथ ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक हालात, आर्थिक चुनौतियों और बदलती अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के बीच ब्रिक्स की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया। बैठक में अपने संबोधन में जयशंकर ने कहा कि दुनिया इस समय काफी अनिश्चित और जटिल दौर से गुजर रही है, जहां लगातार संघर्ष, आर्थिक अस्थिरता, व्यापार और तकनीक से जुड़ी चुनौतियां वैश्विक परिदृश्य को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में उभरते बाजारों और विकासशील देशों की उम्मीदें ब्रिक्स से बढ़ी हैं और संगठन से वैश्विक स्थिरता में रचनात्मक और संतुलनकारी भूमिका निभाने की अपेक्षा की जा रही है। विदेश मंत्री ने कहा कि ब्रिक्स देशों के बीच यह बैठक सिर्फ औपचारिक संवाद नहीं, बल्कि वैश्विक और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचार साझा करने और साझा रणनीति विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

### एक मंच पर ब्रिक्स विदेश मंत्री




बैठक में ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री

### भारत की अध्यक्षता में 80 से अधिक ब्रिक्स बैठक

जयशंकर ने बताया कि भारत की अध्यक्षता में अब तक 80 से अधिक ब्रिक्स बैठकों का आयोजन किया जा चुका है, जिनमें सभी सदस्य देशों ने सक्रिय भागीदारी की है। इन बैठकों के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने और संवाद को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत ब्रिक्स को अधिक समावेशी और सहयोगात्मक मंच बनाने के लिए साझेदार देशों के साथ लगातार संपर्क और संवाद बनाए हुए है।

### विकास से जुड़े मुद्दे अब भी चिंता का विषय

विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर विकास से जुड़े मुद्दे अब भी बड़ी चिंता बने हुए हैं। कई देश ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य संकट, उर्वरक उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं और वित्तीय संसाधनों तक पहुंच जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स इन देशों को प्रभावी समाधान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने आर्थिक मजबूती और सप्लाई चेन की विश्वसनीयता पर भी जोर दिया।

### नए सदस्य देशों का आना अहम

जयशंकर ने ब्रिक्स के संस्थागत विकास और नए सदस्य देशों के एकीकरण को भी अहम बताया। जयशंकर ने कहा कि संगठन के विस्तार के साथ उसके मौजूदा ढांचे और तंत्र को अपडेट करने पर चर्चा आगे बढ़ाई गई है।

### जलवायु परिवर्तन गंभीर चुनौती

जयशंकर ने जलवायु परिवर्तन को एक गंभीर वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि सतत विकास को आगे बढ़ाने के साथ समानता और साझी लेकिन अलग-अलग जिम्मेदारियों के सिद्धांतों का पालन जरूरी है। उन्होंने तेजी से बदलती तकनीकों का जिक्र करते हुए कहा कि तकनीकी बदलाव वैश्विक शासन और आर्थिक ढांचे को प्रभावित कर रहे हैं।

## लाल किला मेट्रो स्टेशन कार धमाका मामला

# एनआईए ने कोर्ट में दाखिल की 7500 पन्नों में चार्जशीट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को नई दिल्ली की एक विशेष अदालत में दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर 2025 की शाम को हुए कार बम धमाके के मामले में 7,500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने 1इस हमले में कथित संलिप्तता के लिए 10 लोगों को नामजद किया है। इस हमले में 11 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। एनआईए के अनुसार, सहित सभी 10 आरोपी संगठन 'अंसार गजवत-उल-हिंद (एजीयूएच)' से जुड़े थे, जिसे अल-कायदा से प्रेरित संगठन बताया गया है। मुख्य आरोपी उमर उन नबी की इस धमाके में मौत हो गई थी। उसके अलावा नौ अन्य आरोपियों के नाम भी चार्जशीट में शामिल किए गए हैं जिनमें आमिर मीर, जसीर वानी, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. अदील राथर, डॉ. शाहीन सईद आदि शामिल हैं। , मुफ्ती इरफान अहमद वागे, सोयाब, डॉ. बिलाल नसीर मल्ला और यासिर अहमद डार शामिल हैं।



लाल किला दिल्ली बम धमाका फाइल फोटो

### विस्फोटक आरोपियों ने तैयार किया था

एनआई की जांच में सामने आया कि कुछ आरोपी कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित मेडिकल प्रोफेशनल थे। 2022 में श्रीनगर में हुई एक गुप्त बैठक में उन्होंने एजीयूएच अंतरिम नाम से संगठन को फिर सक्रिय किया और 'ऑपरेशन हेवनली हिंद' कोडनेम' शुरू किया था। इस कोडनेम के तहत, आरोपियों ने नए सदस्यों की भर्ती की। एजीयूएच की हिंसक जिहादी विचारधारा का सक्रिय रूप से प्रचार किया, हथियार और गोला-बारूद जमा किया, और बाजार में आसानी से मिलने वाले रसायनों का उपयोग करके बड़े पैमाने पर विस्फोटक बनाए।




### प्रतिभा पारकर पनामा में भारतीय राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** आईएफएस बैच 2000 की अधिकारी प्रतिभा पारकर को पनामा रिपब्लिक में भारत की अगली राजदूत नियुक्त किया गया है। फिलहाल वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी संभाल रही हैं और जल्द ही नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। प्रतिभा ने शुरुआत रूस में भारतीय दूतावास में विदेश सेवा से की थी।



### अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नए अध्यक्ष बने केविन वॉर्श

**वॉशिंगटन।** रिपब्लिकन पार्टी के अनुभवी आर्थिक सलाहकार और पूर्व इन्वेस्टमेंट बैंकर केविन वॉर्श को अमेरिकी की फेडरल रिजर्व का नया अध्यक्ष चुन लिया गया है। सीनेट में हुए एक कड़े मुकाबले वाले मतदान में केविन वॉर्श को 54-45 के बहुमत से मंजूरी मिली।



## दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता ने शराब नीति केस छोड़ा

# केजरी समेत आप नेताओं पर अवमानना कार्यवाही करूंगी, सोशल मीडिया पर मुझे निशाना बनाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने गुरुवार को शराब नीति घोटाला मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है।

स्वर्णकांता शर्मा ने कहा कि जो जज अवमानना की कार्यवाही शुरू करते हैं वो मुख्य केस नहीं सुन सकते। मैं शराब नीति केस को चीफ जस्टिस के सामने लिस्ट करूंगी ताकि केस की सुनवाई कोई दूसरा जज कर सके। स्वर्णकांता शर्मा केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया, दुर्गेश पाठक, सौरभ भारद्वाज, संजय सिंह और विनय मिश्रा पर कंटेम्प्ट की कार्यवाही शुरू करेंगी। अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला केस से जस्टिस शर्मा को हटाने की मांग की थी। उनका आरोप था कि जस्टिस शर्मा आरएसएस के कार्यक्रम में 4 बार शामिल हो चुकी हैं। उनसे न्याय मिलने की उम्मीद नहीं है।



दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित घोटाले की सुनवाई के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने एक बड़ा और कड़ा रुख अपनाया है।

### आप नेताओं ने दिल्ली हाईकोर्ट की जज से हटने की मांग की थी

दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने शराब नीति केस से जुड़े पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें जज के केस से हटने की मांग की गई थी। जस्टिस स्वर्णकांता ने कहा था- मैं इस मामले से खुद को अलग नहीं करूंगी। मैं सुनवाई करूंगी। मैं हट गई तो संदेश जाएगा कि दबाव डालकर किसी भी केस से जज हटा सकते हैं।

- अगर किसी पक्ष को अदालत के आदेश पर आपत्ति थी, तो उसे सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए था। इसके बजाय सोशल मीडिया के जरिए न्यायपालिका को निशाना बनाया गया और अदालत की निष्पक्षता पर सवाल उठाए गए।
- न्यायाधीशों का सम्मान उनकी कुर्सी से नहीं, बल्कि संविधान के मुताबिक निर्भीक फैसले देने से होता है। मुझे डराने की कोशिश हुई।
- किसी फैसले की आलोचना करना अवमानना नहीं है, लेकिन सुनियोजित तरीके से न्यायपालिका की निष्पक्षता पर हमला करना आपराधिक अवमानना के दायरे में आता है।
- वाराणसी यूनिवर्सिटी में दिए गए मेरे व्याख्यान का 59 सेकंड का एडिटेड वीडियो वायरल किया गया। शिव और वाराणसी के संदर्भ को राजनीतिक रंग देकर पेश किया गया, जिससे अदालत की छवि खराब करने की कोशिश हुई।
- सोशल मीडिया पर चलाया गया अभियान व्यक्तिगत हमला नहीं, बल्कि न्यायपालिका को बदनाम करने की कोशिश थी। झूठ को हजार बार बोलने से सच नहीं बन जाता। कोई कितना प्रभावशाली क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28